फाल्गुन शुक्ल - 8 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 231 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 17-03-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 'आज 'नो कर्फ्यू-नो दंगा' है, क्योंकि यूपी में सब चंगा है'

6 नायक सुखदेव सिंह : रॉकेट लॉन्चर से इतने गोले दागे कि उग्रवादी शिविर छोड़कर भागे

7 अपना कुनबा नहीं संभाल पाने वाली कांग्रेस असफलता के लिए भाजपा को दोषी ठहरा रही

सात चरणों में होगा लोकसभा चुनाव

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने की 543 सीटों पर देश के अगले लोकसभा चुनावों की घोषणा

- चार जून को घोषित किए जाएंगे नतीजे
- 13 राज्यों में 26 विस सीट के लिए होंगे उपचुनाव

पहला चरण :	19 अप्रैल को, 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान
दूसरा चरण :	26 अप्रैल को, 13 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 89 सीटों पर मतदान
तीसरा चरण :	7 मई को, 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 94 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान
चौथा चरण :	13 मई को, 10 राज्यों के 96 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान
पांचवां चरण :	20 मई को, आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान
छठा चरण :	25 मई को, सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीटों पर मतदान
सातवां चरण :	1 जून को, आठ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीटों पर मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शनिवार को देश के अगले आम चुनावों की घोषणा कर दी जो 19 अप्रैल को शुरू होकर सात चरणों में संपन्न होंगे और नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। यह दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया होगी। इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आने का प्रयास करेंगे, वहीं विपक्षी दल उनका विजय रथ रोकने के लिए पूरा दमखम लगाएंगे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि 97 करोड़ से अधिक मतदाता 44 दिन में 10.5 लाख मतदान केंद्रों पर अपना वोट डालकर लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हो सकेंगे। इनमें 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं और 48 हजार ट्रांसजेंडर शामिल हैं। कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे और उसके बाद 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होंगे।

साल 2019 के पिछले आम चुनाव में कुल 91.2 करोड़ लोग मतदान के योग्य थे। इनमें से 61.5 करोड़ (67.4 प्रतिशत) ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य इस चुनाव में मतदान प्रतिशत में सुधार करना और लगभग शून्य पुनर्मतदान के साथ शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के रिकॉर्ड को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी प्रयास का रहा है और उसकी कोशिश 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं तक उनके घरों पर पहुंचने की है ताकि उन्हें वोट डालने में मदद मिल सके। उनके मुताबिक, इसी तरह की सुविधाएं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए उपलब्ध होंगी।

चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने कहा, ''यह हमारा वादा है कि हम एक राष्ट्रीय चुनाव इस तरह से कराएंगे कि हम दुनिया भर में लोकतंत्र के लिए एक प्रकाशस्तंभ बने रहें।''

शनिवार को चुनाव की घोषणा से लेकर चार जून को परिणाम घोषित होने तक की पूरी चुनाव प्रक्रिया 82 दिनों की होगी। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को और आंध्र प्रदेश में 13 मई को होंगे। ओडिशा विधानसभा के चुनाव चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होंगे।

कुमार ने दो नए निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 26 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव भी होंगे। बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में सभी सात चरणों में मतदान होगा। कुमार ने कहा कि चुनाव प्राधिकरण चार 'एम' की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार है बाहुबल (मसल पावर), धनबल (मनी पावर), गलत सूचना (मिसइंफोर्मेशन) और आदर्श आचार संहिता (मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट) का उल्लंघन।

चुनाव और सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात कर्मियों सहित लगभग 1.5 करोड़ कर्मियों को चुनाव के सुचारू संचालन के लिए तैनात किया जाएगा। सीमाओं पर ड्रोन आधारित जांच, भ्रामक विज्ञापनों और फर्जी खबरों पर कार्रवाई और चुनावी हिंसा के खिलाफ 'सख्त' कार्रवाई, चारों चुनौतियों से निपटने के लिए निर्वाचन आयोग की रणनीति का हिस्सा है।

देश में 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ ही 13 राज्यों की 26 विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव भी होंगे जिनमें हिमाचल प्रदेश की वह छह सीट भी शामिल हैं, जहां से चुने गए कांग्रेस विधायकों को बगावत के कारण अयोग्य ठहराया गया है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''जिन 26 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं, वह बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु में हैं।''

ईवीएम से जुड़े सवाल पर सीईसी का कटाक्ष:

अधूरी हसरतों का इल्जाम हम पर लगाना ठीक नहीं...

नई दिल्ली/भाषा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से जुड़े तमाम सवालों एवं दावों को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि वोटिंग मशीनें शत प्रतिशत सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश की अदालतों ने 40 बार ईवीएम को लेकर दी गई चुनौतियों को खारिज किया है और अब तो अदालतें जुर्माना भी लगाने लगी हैं।

कुमार ने एक किताब दिखाते हुए कहा, ''थोड़ा पढ़ने की कोशिश करिये। हमारी वेबसाइट पर है...कोई भी विशेषज्ञ बन जाता है।'' उन्होंने कहा कि ईवीएम के युग में कई छोटे राजनीतिक दल अस्तित्व में आए, जबकि मतपत्रों के दौर में ऐसा नहीं था। कुमार का कहना था कि उम्मीदवारों के सामने 'मॉक पोल' होता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, ''अधूरी हसरतों का इल्जाम हर बार हम पर लगाना ठीक नहीं, वफा खुद से नहीं होती खता ईवीएम की कहते हो। बाद में गोया परिणाम आता है तो उस पर कायम नहीं रहते।'' मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, ''यह मैं नहीं, ईवीएम कह रही है।'' उन्होंने कहा, ''ईवीएम 100 प्रतिशत सुरक्षित हैं। हमने बहुत सारे सुधार किए हैं। एक-एक ईवीएम का नंबर उम्मीदवारों को दिया जाएगा।''

'बेहिसाब' चंदे की जांच के लिए तंत्र बनाए जाने की आवश्यकता : राजीव कुमार

नई दिल्ली/भाषा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने ''बेहिसाब'' चंदे की जांच के लिए एक तंत्र बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि चंदा देने वालों की गोपनीयता को संरक्षण मिले और उन्हें परेशान न किया जाए। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनावी बॉण्ड पर एक सवाल का जवाब देते हुए कुमार ने कहा, जहां तक चुनावी बॉण्ड का सवाल है, आयोग हमेशा पारदर्शिता के पक्ष में रहा है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में चीजों को छुपाने की कोई गुंजाइश नहीं है, इनकी जानकारी होनी चाहिए, हम सब पारदर्शिता के पक्षधर हैं। यह कवायद का पहला भाग है..., देश को अब एक संस्थागत प्रणाली के माध्यम से समाधान ढूंढना होगा जहां चंदा देने वालों की गोपनीयता पर भी विचार किया जाए।

लोकसभा चुनाव केवल तीन या चार चरणों में कराने चाहिए थे : खरगे

बेंगलूरु/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सात चरणों में चुनाव का मतलब है कि 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर जगह दौरा करना चाहते हैं।' खरगे ने कहा कि लोकसभा चुनाव तीन या चार चरणों में पूरा होना चाहिए था। खरगे ने संवाददाताओं से कहा, ''हमें इस बात की चिंता नहीं है कि क्या होने वाला है, लेकिन मोदी जी सात चरण रख रहे हैं, इसका मतलब है कि वह हर जगह दौरा करना चाहते हैं। इस देश में मैंने भी लगभग 12 चुनाव लड़े हैं और मुश्किल से चार चरण होते थे। कभी-कभी यह एक चरण का भी होता था। मैंने दो चरण भी देखे हैं, लेकिन अक्सर इसके अधिकतम चार चरण होते थे।''

- 85 वर्ष से अधिक आयु और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले लोग घर से कर सकेंगे मतदान
- अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को और आंध्र प्रदेश में 13 मई को होंगे। ओडिशा विधानसभा के चुनाव चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होंगे।

फर्स्ट टेक

भारत में ही खेला जाएगा आईपीएल : अरुण धूमल

नई दिल्ली/भाषा। इंडियन सुपर लीग (आईपीएल) के अध्यक्ष अरुण धूमल ने शनिवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया कि 19 अप्रैल से एक जून तक आम चुनाव होने के कारण इस टूर्नामेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में किया जा सकता है। चुनाव सात चरण में संपन्न होंगे और इस बात को लेकर अटकलों के बाजार गर्म हैं कि इस लीग को संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित किया जाएगा और सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें आ रही थीं कि खिलाड़ियों को संबंधित फ्रेंचाइजी के साथ अपने पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा जा रहा था। धूमल ने हालांकि इन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने पीटीआई से कहा, ''आईपीएल को कहीं स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है। टूर्नामेंट का बाकी कार्यक्रम जल्द ही घोषित किया जाएगा।''

संदेशखालि: शाहजहां शेख के भाई समेत तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दल पर पांच जनवरी को हुए हमले में शामिल होने के आरोप में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित नेता शाहजहां शेख के भाई समेत तीन लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया। सीबीआई ने शाहजहां शेख के भाई शेख अलोमगीर, संदेशखालि में तृणमूल की छात्र शाखा के अध्यक्ष मफुजर मोल्ला और स्थानीय व्यक्ति सिराजुल मोल्ला को गिरफ्तार किया। उन्हें रविवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। एजेंसी ने शाहजहां शेख के भाई और दो अन्य को पूछताछ के दौरान हिरासत में लिया।

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हमले में सात सैनिकों की मौत

पेशावर/भाषा। पाकिस्तान में अफगानिस्तान सीमा से सटे अशांत कबायली वजीरिस्तान जिले में शनिवार को एक सुरक्षा चौकी पर छह आतंकवादियों के आत्मघाती हमलों में दो अधिकारियों समेत कम से कम सात सैनिकों की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा ने एक बयान में कहा कि पांच सैनिकों के साथ साथ एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक कैप्टन की भी जान चली गई। उसने कहा कि छह आतंकवादियों ने मीर अली इलाके में एक सुरक्षा चौकी पर हमला किया था और उन्हें भी मार गिराया गया। बयान के अनुसार जब सैनिकों ने अज्ञात आतंकवादियों की घुसपैठ की प्रारंभिक कोशिश विफल की, तब उन्होंने विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी चौकी में घुसी दी।

17-03-2024 सूर्यास्त 6:14 बजे	18-03-2024 सूर्योदय 6:19 बजे
BSE 72,643.43 (-453.85)	NSE 22,023.35 (-123.30)
सोना 6,814 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम	चांदी 80,000 रु. प्रति किलो

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com

कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

दूध के जले

मिल रहा कौन किससे क्योंकर,
मिडिया में जारी है कयास।
पढ़ सुन कर उकताई जनता,
दल कात रहे काता कपास।
सत्ता की चाहत में आए,
दुश्मन भी अब तो पास-पास।
पी रहे छाछ भी फूंक-फूंक,
सीएसीए में कर-कर तपास।।



बीआरएस नेता के. कविता 23 मार्च तक ईडी की हिरासत में

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शनिवार को 23 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने हिरासत के अनुरोध संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर यह आदेश सुनाया। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अदालत के समक्ष पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी। हालांकि, अदालत ने केवल 23 मार्च तक की हिरासत प्रदान की। अदालत में पेश किए जाने के दौरान कविता ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया और कहा, हम इसे (मामले को) अदालत में लड़ेंगे।

प्रधानमंत्री ने बीआरएस नेता कविता की गिरफ्तारी के बाद कहा

किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद/भाषा। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार होने के एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने ''अन्य अति भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी'' कर ली है और कहा कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा।

हैदराबाद से करीब 135 किलोमीटर दूर नगरकुरनूल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस और बीआरएस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा, बीआरएस ने राज्य (तेलंगाना) से बाहर जाकर दूसरे महा भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी की। यह सच भी रोज बाहर आ रहा है। उन्होंने कहा, किसी भी भ्रष्टाचारी को नहीं बख्शा जाएगा। आज, मैं तेलंगाना के लोगों से वादा कर रहा हूं कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा। मुझे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में तेलंगाना के सहयोग की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और बीआरएस के कथित भ्रष्टाचार को लेकर भी उन पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वंशवादी दलों में भ्रष्टाचार की साझेदारी बहुत मजबूत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस दोनों भ्रष्टाचार के साझेदार हैं।

मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 2जी घोटाला किया जबकि बीआरएस ने सिंचाई में घोटाला किया और दोनों दल भूमाफिया का सहयोग करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर तेलंगाना में भी ऐसा ही करना होगा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले से जुड़ी धनशोधन की जांच के संबंध में शुक्रवार को हैदराबाद में बीआरएस नेता के. कविता को गिरफ्तार किया।

पाक सेना हमारे लिए खतरा बनी हुई है : सीडीएस अनिल चौहान

नई दिल्ली/भाषा। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान भले ही एक तरह की आर्थिक उथल-पुथल का सामना कर रहा है, लेकिन सैन्य रूप से उसकी क्षमताओं में ''कोई कमी नहीं'' आई है और उसकी सेनाएं

''हमारे लिए खतरा बनी हुई हैं। यहां 'इंडिया टुडे कॉन्क्लेव 2024' के दौरान उन्होंने कहा कि भारत के पास अपनी सीमाओं, खासकर उत्तर में विवादित सीमाओं की रक्षा करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। जनरल चौहान ने 21वीं सदी में भारत के लिए सबसे बड़ी रक्षा चुनौतियों पर एक सवाल के जवाब में यह बात कही। जनरल चौहान ने कहा, मुझे लगता है कि अगर आप सशस्त्र बलों के मामले में देखें, तो सबसे बड़ी चुनौती ज्यादातर बाहरी होंगी जो अत्यंत चिंता का विषय हैं। लेकिन फिर भी बाहरी चुनौतियां एक राष्ट्र को एकजुट करती हैं। हमने इसे करगिल में देखा है, हमने इसे गलवान में भी देखा है। कॉन्क्लेव के दौरान परिचर्चा का विषय 'राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य : भारतीय सेना के समक्ष चुनौतियां' था। सीडीएस ने कहा, जहां तक सशस्त्र बलों का सवाल है, हमारी तात्कालिक चुनौती चीन का उदय और अनसुलझी सीमा समस्या है।

हिंदू देवी-देवताओं पर टिप्पणी के लिए स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

लखनऊ/भाषा। उत्तर प्रदेश में लखनऊ की एक विशेष अदालत ने देवी लक्ष्मी और अन्य हिंदू देवी-देवताओं पर कथित रूप से अभद्र टिप्पणी करने के लिए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया। सांसद विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) के विशेष अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंबरीश कुमार श्रीवास्तव ने वजीरगंज थाने को स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करने का निर्देश जारी किया। याचिकाकर्ता रागिनी रस्तोगी ने अदालत से स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका दाखिल की थी। याचिकाकर्ता के मुताबिक, 15 नवंबर 2023 को अखबार में स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान प्रकाशित हुआ, जिसका शीर्षक था 'चार हाथों के साथ लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती हैं'? याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान से भारत में हिंदू धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

भारतीय नौसेना ने जहाजों का अपहरण करने का समुद्री डाकुओं का प्रयास विफल किया

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय नौसेना ने सोमालिया के पूर्वी तट पर जहाजों के अपहरण के सोमालियाई समुद्री डाकुओं के एक प्रयास को विफल कर दिया।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि समुद्री डाकू रुएन नामक एक मालवाहक जहाज पर सवार थे जिसका करीब तीन महीने पहले अपहरण किया गया था। नौसेना ने कहा, समुद्र में अपहरण के कृत्यों को अंजाम देने के लिए एमवी रुएन का समुद्री डाकुओं के जहाज के रूप में इस्तेमाल किए जाने की जानकारी है। इस जहाज का 14 दिसंबर को सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था। उसने बताया कि भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत ने 15 मार्च को इस जहाज का पीछा किया और रोका।

नौसेना ने बताया कि जहाज से भारतीय युद्धपोत पर गोलीबारी की गई और भारतीय जहाज की ओर से आत्म रक्षा में और नौवहन तथा नाविकों को समुद्री डाकुओं के खतरे से बचाने के लिए आवश्यक न्यूनतम बल के साथ समुद्री डकैती से निपटने के वास्ते अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार कार्रवाई की गई। नौसेना ने एक बयान में कहा, जहाज पर सवार समुद्री डाकुओं से आत्मसमर्पण करने तथा उनके द्वारा बंधक बनाए जहाज तथा नागरिक को रिहा करने का आह्वान किया गया।

सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

प्रश्न: गुरुजी, शत्रु की पहचान कैसे की जाती है? कोई शत्रु है या मित्र, इसका यथार्थ और असंदिग्ध निर्णय कैसे हो ?

उत्तर: इसका निर्णय चार स्तरों पर होता है। पहला स्तर आत्मिक स्तर है वहां कोई किसी का शत्रु नहीं है क्योंकि आत्मा में सर्वव्याप्तता और एकत्व स्वतः सिद्ध है उस अवस्था में सब मित्र ही हैं वह अजात शत्रुत्व की अवस्था है। व्यक्ति चेतना की आत्मस्थ अवस्था से नीचे आने पर चेतना में स्व-पर भेद अर्थात् द्वैत उत्पन्न हो जाते हैं, इसलिए इस अवस्था में जिसके भी प्रति हमारी दृष्टि में द्वेष आए उसके लिए हम शत्रुवत् होंगे, या जिसको हमारे प्रति द्वेष या ईर्ष्या का भाव आए उसको हम शत्रुवत् दिखेंगे। और जब कहीं या कभी इससे भी नीचे की अवस्था में मनुष्य की चेतना का अवतरण हो जाए तो मन में मद मत्सर आदि षड् शत्रु उत्पन्न हो जाते हैं और वे तो इतने स्पष्ट रूप धारी हैं कि उन्हें तो उनके प्रकट होते ही तत्क्षण पहचान लिया जाता है। यहाँ तक तो शत्रु मित्र दोनों भाव अपने अंदर ही देखने होते हैं। सबसे नीचे के चेतना स्तर पर ही शत्रु या मित्र पहचानने का निर्णय दूसरों के सापेक्ष होता है जोकि स्थूल शारीरिक स्तर पर पारस्परिक व्यवहार को देखने परखने से होता है। मूर्त रूप में जो किसी को कुपन्थ से हटाकर सुपंथ पर ले आए और उसके गुणों को प्रकाशित ये प्रोत्साहित करे और फिर भी मान दे किंतु बदले में स्वयं ऐसी किसी भी इच्छा से सदा मुक्त रहे वह मित्र हो सकता है। इसके विपरीत व्यवहार करने वाला अक्षम या कपटी या शत्रु होता है। यह निर्णय असंदिग्ध रूप से ऐसे ही होता है।

'बागी विधायकों ने जनमत, जनता के विश्वास का अपमान किया'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिमला/भाषा। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को कहा कि राज्य में हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ वोट करने वाले बागी कांग्रेस नेताओं ने 'जनमत और जनता के विश्वास' का अपमान किया है। सुक्खू ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जनता 'बागी विधायकों को नहीं बख्शेगी'। उन्होंने कहा, जो व्यक्ति अपना सम्मान बेचता है और अपने परिवार के साथ विश्वासघात करता है, उसे डर के मारे छिपना पड़ता है। सुक्खू ने कहा कि उन्होंने (बागी विधायकों) जनमत का अपमान किया है और जनता उन्हें अपने वोट की ताकत का एहसास कराएगी।

कांग्रेस के छह विधायकों सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजिंदर राणा, इंदर दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देविंदर कुमार भुट्टो को कांग्रेस के व्हिप का उल्लंघन करने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था। कांग्रेस के व्हिप के मुताबिक उन्हें सदन में उपस्थित रहने और बजट के पक्ष में मतदान करने की आवश्यकता थी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ घंटे पहले शनिवार को बिलासपुर जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में 445 करोड़ रुपए की 37 विकास परियोजनाओं की घोषणा की। सुक्खू ने बिलासपुर जिले के झंडूता, श्री नैना देवी, घुमारवीं और बिलासपुर (सदर) विधानसभा क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुप्रबंधन के कारण राज्य पर 75 हजार करोड़ रुपए का कर्ज और सरकारी कर्मचारियों पर 10 हजार करोड़ रुपए की देनदारी हो गई है। सुक्खू ने कहा कि इसके बावजूद राज्य सरकार ने 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की है।

हिमाचल प्रदेश में 'कॉटन कैंडी' के उत्पादन, भंडारण और वितरण पर एक साल के लिए रोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिमला/भाषा। हिमाचल प्रदेश में जनस्वास्थ्य के मद्देनजर 'कॉटन कैंडी' के विनिर्माण, भंडारण, वितरण या बिक्री पर एक साल तक के लिए यानी 15 मार्च 2025 तक प्रतिबंध लगा दिया गया है। शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया।

'कॉटन कैंडी' चीनी से बनी मिठाई होती है जिसमें थोड़ी मात्रा में स्वाद संबंधी अवयव या खाद्य रंग होते हैं। इसे कॉटन कैंडी कहा जाता है क्योंकि यह कपास जैसा दिखता है। आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) सह सचिव (स्वास्थ्य) ने अपने आदेश में कहा कि खाद्य सुरक्षा और मानक (एफएसएसए) अधिनियम, 2006 धारा 30 (2)(ए)के तहत राज्य में 'कॉटन कैंडी' (किसी भी नाम से), चाहे वह पैकेज्ड हो या खुला, के भंडारण, वितरण या बिक्री को एक वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया जाता है। आदेश में कहा गया है कि राज्य के विभिन्न जिलों से 'कॉटन कैंडी' के नमूनों की जांच से पता चला कि इन उत्पादों में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के विपरीत गैर-मान्य और संभावित खतरनाक रंग मौजूद थे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य प्रशिक्षण के दौरान 'अयोग्य' कैडेट के लिए पुनर्वास सुविधाओं के विस्तार को मंजूरी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य प्रशिक्षण के दौरान चोटों के कारण 'अयोग्य' करार दिए गए कैडेट को प्रदान की जाने वाली पुनर्वास सुविधाओं के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।सेना द्वारा उन कैडेट के लिए सुविधाएं बढ़ाने की मांग की गई है जो प्रशिक्षण के दौरान चोट लगने के कारण घर लौटने को मजबूर होते हैं।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन कैडेट के लिए पुनर्वास सुविधाओं के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जो प्रशिक्षण के कारण उत्पन्न वजहों से चिकित्सा आधार पर सैन्य प्रशिक्षण के अयोग्य हो गए हैं।

इसमें कहा गया है, यह निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि कैडेट सशस्त्र बलों में अधिकारी के रूप में शामिल होने के इरादे से कम उम्र में सैन्य अकादमियों में शामिल होते हैं और वर्दी में देश की सेवा करने की प्रतिबद्धता दिखाते हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें अयोग्य करार दिया जाता है।

मंत्रालय ने कहा कि दशकों से कैडेट और उनके माता-पिता ऐसे पुनर्वास अवसरों की मांग कर रहे हैं। इसने कहा कि हर साल लगभग 10 से 20 लोग चिकित्सा आधार पर अयोग्य हो जाते हैं।

हालांकि, बयान में यह स्पष्ट नहीं है कि पुनर्वास नीति के तहत कौन सी सुविधाएं दी जाएंगी।

कांग्रेस को 'कर आतंक' के जरिये आर्थिक रूप से अक्षम किया गया : जयराम रमेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ठाणे/भाषा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के बैंक खातों से लेनदेन रोककर इस पर ''सर्जिकल स्ट्राइक'' करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को ''कर आतंक'' के जरिये ''आर्थिक रूप से अक्षम'' बना दिया गया है। पिछले महीने 210 करोड़ रुपए की आयकर वसूली को लेकर कांग्रेस के मुख्य बैंक खाते 'फ्रीज कर दिए गए' थे।

राहुल गांधी के नेतृत्व वाली ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' के तहत यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी बॉण्ड के माध्यम से अवैध रूप से धन इकट्ठा कर रही है।

रमेश ने आरोप लगाया, भाजपा ने आम चुनाव से पहले कांग्रेस के बैंक खाते 'फ्रीज' कर उस पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' की है। हमारे पास चुनाव लड़ने या अपना चुनाव अभियान तैयार करने के लिए पैसे नहीं हैं। यहां तक कि 'क्राउड फंडिंग' से जुटाए गए पैसे का भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। कर आतंक से कांग्रेस को आर्थिक रूप से अक्षम बना दिया गया है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने 6,000 किलोमीटर की यात्रा की। यह भाजपा के 6,000 करोड़ रुपए के चुनावी बॉण्ड बनाम कांग्रेस के 6,000 किलोमीटर की लड़ाई है।

अदालत ने ईडी के समन पर पेश न होने से जुड़े मामले में केजरीवाल को जमानत दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में समन पर पेश न होने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज कराई दो शिकायतों के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शनिवार को जमानत दे दी।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा की अदालत ने केजरीवाल को अदालत कक्ष से जाने की अनुमति भी दे दी। अदालत ने कहा, अपराध जमानती होने के कारण आरोपी अरविंद केजरीवाल को जमानत दी जाती है।

अदालत ने ईडी को केजरीवाल को शिकायतों से जुड़े दस्तावेज भी सौंपने का निर्देश दिया।

ईडी ने मजिस्ट्रेट अदालत में दो शिकायतें दर्ज कराते हुए इस मामले में केजरीवाल को जारी कई समन पर पेश होने के लिए उन पर अभियोग चलाने का अनुरोध किया था।

ताजा शिकायत धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत संघीय जांच एजेंसी द्वारा भेजे समन संख्या 4 से 8 का आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल द्वारा सम्मान न करने जुड़ी है।

ईडी ने इससे पहले मजिस्ट्रेट अदालत का रुख करके अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल को जारी पहले तीन समन पर पेश न होने के लिए उन पर मुकदमा चलाने का अनुरोध किया था।

बैंक अधिकारी ने निष्क्रिय खातों से 1.26 करोड़ रुपए निकाले, गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जम्मू/भाषा। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में पिछले तीन वर्षों में निष्क्रिय बैंक खातों से 1.26 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि की कथित हेराफेरी करने को लेकर शनिवार को एक बैंक अधिकारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

रियासी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने बताया कि जेएंडके बैंक की पौनी शाखा के सहायक प्रबंधक इश्विंदर सिंह रानयाल की धोखाधड़ी पिछले महीने तब उजागर हुई जब आरोपी ने एक सक्रिय खाते से पैसे निकाले और संबंधित खाताधारक ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने और अपराध की गंभीरता का अहसास होने के बाद विशेष टीम बनाई गई तथा आखिरकार आज सुबह रानयाल को जम्मू की सैनिक कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया। रानयाल पौनी का निवासी है। उन्होंने कहा, अपराधी पिछले एक महीने से गिरफ्तारी से बच रहा था। उसने जेएंडके बैंक की पौनी शाखा में खातों में धोखाधड़ी और जालसाजी के जरिए 126.34 लाख रुपए की जनधन की चपत लगाई। उन्होंने बताया कि दरअसल आरोपी निष्क्रिय पड़े खातों को बड़ी होशियारी से सक्रिय कर देता और फिर अवैध तरीके से उससे पैसे निकाल लेता था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा, यह तौर-तरीका कथित रूप से पिछले तीन सालों से चल रहा था और आरोपी सहायक प्रबंधक ने अवैध तरीके से 126.34 लाख रुपए निकाल लिए। वह पौनी का निवासी है। निष्क्रिय खाता ऐसा खाता है जिसमें लंबे समय तक ब्याज राशि जमा होने के अलावा कोई लेन-देन नहीं होता है। निष्क्रियता अवधि के बाद ये खाते राज्य के बिना दावे की संपत्ति बन जाते हैं।

ओवैसी ने न्यायालय से किया नागरिकता संशोधन नियमों पर रोक का अनुरोध

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने उच्चतम न्यायालय से नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के क्रियान्वयन पर तब तक रोक लगाने का अनुरोध किया है जब तक शीर्ष अदालत नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निस्तारण नहीं कर देती। केंद्र ने संसद द्वारा इस अधिनियम को पारित करने के करीब चार साल बाद 11 मार्च को कानून के नियमों की अधिसूचना के साथ इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था।

इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जाएगी।

नागरिकता संशोधन कानून के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं में शामिल ओवैसी ने अब शीर्ष अदालत में आवेदन दायर कर कानून और 2024 में लागू नियमों के क्रियान्वयन पर याचिकाओं के निस्तारण तक रोक लगाने का अनुरोध किया है।

नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने के दोषी को कुल 83 साल कैद की सजा

पलक्कड़ (केरल)/भाषा। केरल की अदालत ने शनिवार को 65 वर्षीय एक व्यक्ति को 16 साल की नाबालिग लड़की का उसके घर पर बार-बार यौन उत्पीड़न करने का दोषी करार देते हुए कुल 83 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। लोक अभियोजक ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोषी लड़की का रिश्तेदार है। विशेष लोक अभियोजक निशा विजयकुमार ने बताया कि पत्तांबी फास्ट ट्रैक विशेष अदालत के न्यायाधीश रामू रमेश चंद्र भानु ने आरोपी को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए अलग-अलग अवधि की कुल 83 साल कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने बताया दोषी को हालांकि 40 साल कारावास की सजा काटनी होगी क्योंकि यह उसे दी गई जेल की सजाओं में से सबसे अधिक सजा है और बाकी सजा साथ-साथ चलेंगी। लोक अभियोजक ने बताया कि अदालत ने दोषी पर 4.3 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया और कहा कि यदि पूरी राशि या उसका कुछ हिस्सा व्यक्ति से वसूला जाता है तो उक्त राशि पीड़िता को दी जानी चाहिए।

बेटी की गिरफ्तारी पर चुप क्यों हैं केसीआर : मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद/भाषा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने धनशोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की गिरफ्तारी को 'नाटक' करार देते हुए शनिवार को कहा कि वह जानना चाहते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं।

रेड्डी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केसीआर को इन 'राजनीतिक नाटकों' को बंद करना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल किया कि प्रधानमंत्री ने पिछले दस वर्षों में तेलंगाना के लिए क्या किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भ्रष्टाचार के खिलाफ 'चैंपियन' के रूप में उभरने की कोशिश कर रही है जबकि बीआरएस कविता की गिरफ्तारी के मुद्दे पर चुनाव के दौरान मतदाताओं की सहानुभूति बटोरने की कोशिश करेगी। मुख्यमंत्री ने कविता की गिरफ्तारी के प्रकरण को लेकर कहा, जहां तक शराब घोटाला संबंधी मामले का सवाल है तो पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव का परिवार और भाजपा टीवी धारावाहिकों जैसा नाटक कर रहे हैं। बीते कई वर्षों से चल रहा यह 'ड्रामा' कल गिरफ्तारी के बाद अपने चरम पर पहुंच गया है। आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा से एक दिन पहले गिरफ्तारी का यह 'ड्रामा' क्या दर्शाता है? वे (भाजपा) भ्रष्टाचार के खिलाफ 'चैंपियन' बनकर उभरना चाहते हैं और ये लोग (बीआरएस) इससे सहानुभूति प्राप्त करना चाहते हैं।

जम्मू कश्मीर में नई जनजातियों के लिए 10 फीसदी आरक्षण, ओबीसी आरक्षण 8 फीसदी करने को मंजूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जम्मू/भाषा। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में जोड़े गए चार नए समुदायों को 10 फीसदी आरक्षण देने को मंजूरी दी है जिससे केंद्र शासित प्रदेश में इस श्रेणी के लिए कुल आरक्षण बढ़कर 20 प्रतिशत हो गया है।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि प्रशासन ने 15 नई जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में जोड़ने तथा ओबीसी आरक्षण को बढ़ाकर आठ प्रतिशत करने को भी स्वीकृति दे दी है। संसद ने फरवरी में स्थानीय निकायों में ओबीसी को आरक्षण देने वाले तथा चार और समुदायों - गद्दा ब्राह्मण, कोली, पद्दारी जनजाति और पहाड़ी जातीय समूह को जम्मू कश्मीर में अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने वाले दो विधेयक पारित किए थे। प्रवक्ता ने बताया, चार नई जनजातियों - पहाड़ी जातीय समूह, पद्दारी जनजाति, कोली और गद्दा ब्राह्मण को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने के मद्देनजर प्रशासनिक परिषद ने नए समुदायों के पक्ष में 10% आरक्षण की स्वीकृति दी है जिससे एसटी के लिए कुल आरक्षण बढ़कर 20% हो गया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में यहां प्रशासनिक परिषद की बैठक में इस संबंध में मंजूरी दी गई। प्रशासनिक परिषद ने पहले से अधिसूचित जनजातियों और श्रेणी में जोड़ी गई नई जनजातियों को समान तथा अलग-अलग आरक्षण के लाभ सुनिश्चित करने के लिए उन्हें 10-10% आरक्षण देने की मंजूरी दी है।

ईडी ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता की 88.51 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली/भाषा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोविड-19 अवधि के दौरान प्रवासियों के बीच खिचड़ी के वितरण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता सूरज चव्हाण की 88.51 लाख रुपए की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि इसके मुंबई कार्यालय ने मुंबई में चव्हाण के स्वामित्व वाले एक आवासीय फ्लैट और महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में कृषि भूखंड के रूप में 88.51 लाख रुपए की अचल संपत्तियों को अस्थाई रूप से जब्त कर लिया है। इसमें कहा गया कि यह कार्रवाई धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की गई है। चव्हाण को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे का करीबी सहयोगी माना जाता है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
नाम परिवर्तन
CHANGE OF NAME
I, POORNIMA.S, W/O E.Senthil Vadivelan, bearing No.14641941W, Rank HAV (Auto Tech B.Veh) resident at No.17, Gulams Block, Marikuppam, KGF - 563119, KGF Taluk, Kolar Dist. Hereby declare that my son's name K.S.VETRIVEL & E.VETRIVEL are one and the same person which belongs to himself only.
In the future I will used my son's name as K. S.VETRIVEL only vide affidavit dated 01-12-2023 before Notary Thangaraj.S, KGF.

आंध्र विधानसभा चुनाव : वाईएसआर कांग्रेस और तेदेपा के बीच कांटे की टक्कर के लिए मंच तैयार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अमरावती/भाषा। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शनिवार को आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की, जिसके साथ ही इस दक्षिणी राज्य में सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) और विपक्षी तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के बीच कांटे की टक्कर के लिए मंच लगभग तैयार हो चुका है। राज्य में 13 मई को विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ होने हैं। आंध्र प्रदेश में कुल 4.08 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिसमें दो करोड़ पुरुष, 2.07 करोड़ महिलाएं और 3,482 तृतीय लिंग (ट्रांसजेंडर) मतदाता शामिल हैं। राज्य में 16वीं विधानसभा की 175 सीटों और लोकसभा की 25 सीटों पर मतदान होगा।

मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी ने पिछले विधानसभा चुनाव में 151 सीटों पर जीत हासिल की थी और पार्टी को लगभग 50 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। वाईएसआरसीपी ने राज्य की सत्ता बरकरार रखने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं 2019 विधानसभा चुनाव में तेदेपा को सिर्फ 23 और जनसेना को मात्र एक सीट से संतोष करना पड़ा था।

ईसी के चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही वाईएसआरसीपी ने भी शनिवार को सभी 175 विधानसभा सीटों और 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

वाईएसआरसीपी के अनुसार, विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए सभी सीटों में से 50 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), पिछड़ा वर्ग (बीसी) और अल्पसंख्यक समुदायों को आवंटित की गई हैं। जगन मोहन रेड्डी पुलिवेंदुला विधानसभा क्षेत्र, कृष्णा राघव जयेंद्र भरत (कुप्पम) और एम लावण्या (मंगलागिरी) से चुनाव लड़ेंगे। ये सभी दक्षिणी राज्य के प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र में शामिल हैं।

वाईएसआरसीपी द्वारा सूची के अनुसार, बी. झांसी लक्ष्मी विशाखापत्तनम लोकसभा क्षेत्र, जी. उमा बाला (नरसापुरम) और वी विजयसाई रेड्डी (नेल्लोर) से चुनाव लड़ेंगे।

वहीं राज्य की सत्ता में वापसी को लेकर उम्मीद लगाए बैठी तेदेपा ने चुनाव पूर्व राष्ट्र जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का दामन थामा है और अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना से भी हाथ मिलाया है।

इनके अलावा वामपंथी दल, कांग्रेस और अन्य छोटे दल भी चुनावों की तैयार में जुटे हैं।

तेदेपा के राजग में शामिल होने के बाद सीट बंटवारे को लेकर जो समझौता हुआ है उसके तहत भाजपा छह लोकसभा और 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि तेदेपा 17 लोकसभा और 144 विधानसभा सीटों पर ताल ठोकेगी।

पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना दो लोकसभा सीटों और 21 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

तेदेपा सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू पहले ही 128 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुके हैं जबकि 16 अन्य उम्मीदवारों के नामों की घोषणा किया जाना बाकी है। तेदेपा किसी भी समय उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सकती है।

कल्याण ने अब तक केवल सात जनसेना उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। जनसेना अध्यक्ष पीथापुरम निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

जनसेना को अभी भी 14 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करनी है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अभी तक विधानसभा या लोकसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है।

लोस चुनाव : तमिलनाडु में द्रमुक और अन्नाद्रमुक के मुकाबले के बीच भाजपा भी कर रही जोर आजमाइश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव सत्तारूढ़ द्रमुक के अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने के लक्ष्य और मुख्य विपक्षी अन्नाद्रमुक के अध्यक्ष ई के पलानीस्वामी के नेतृत्व में पार्टी के छाप छोड़ने के दृढ़ संकल्प की बात हो रही है। इन दोनों क्षेत्रीय दलों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी भी अपने प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई के नेतृत्व में राज्य में बड़ी ताकत बनने के लिए प्रयासरत है। तमिलनाडु में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव होंगे।

द्रमुक ने 2021 के विधानसभा चुनावों से पहले किए गए कई वादों को पूरा किया है जिनमें महिलाओं के लिए किराया-मुक्त यात्रा और महिलाओं को 1,000 रुपये की मासिक सहायता शामिल है, वहीं हाल में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो द्वारा द्रमुक के निष्कासित पदाधिकारी जाफर सादिक की गिरफ्तारी को अन्नाद्रमुक और भाजपा दोनों बड़ा मुद्दा बना सकती हैं। द्रमुक विपक्षी अन्नाद्रमुक पर भाजपा के साथ 'गुपचुप' संबंध रखने का आरोप लगा रही है। उसने पलानीस्वामी की अगुवाई वाली विपक्षी पार्टी पर सीएए का समर्थन करने का आरोप भी लगाया है। दूसरी तरफ राज्य में विपक्ष का दावा है कि लोगों का द्रमुक से मोहभंग हो गया है, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या यह उनके लिए वोटों में तब्दील हो पाता है या नहीं। द्रमुक के कुछ मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप, जिनसे संबंधित मामले अदालतों में लंबित हैं, और सत्तारूढ़ दल की 'पारिवारिक राजनीति' उन अन्य मुद्दों में से हैं, जिनके चुनावी बहस में प्रभावी रहने की संभावना है।

आगामी लोकसभा चुनाव में द्रमुक का कांग्रेस, वाम दलों, वीसीके, एमडीएमके, आईयूएमएल और केएमडीके के साथ गठबंधन जारी रहेगा। सत्तारूढ़ गठबंधन राज्य की सभी 39 लोकसभा सीटों और पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट पर जीत के लिए प्रयासरत है। अन्नाद्रमुक ने पिछले दिनों भाजपा से गठबंधन तोड़ लिया है। गठबंधन सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत पूरी होने के बाद स्टालिन ने कहा, हमने साबित कर दिया है कि अगर लक्ष्य एक ही है तो गठबंधन में कोई बदलाव नहीं होगा।'' भाजपा ने राज्य में अपने सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे को अभी अंतिम रूप नहीं दिया है, लेकिन उसे चुनाव प्रचार में पूरी ताकत लगा दी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने पिछले महीने अपने एन मान, एन मक्कल' (मेरी भूमि, मेरे लोग) अभियान को पूरा किया है, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस साल जनवरी से पांच बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। मोदी चेन्नई, तिरुनेलवेली, तिरुपुर और कन्याकुमारी में रैलियों को संबोधित कर चुके हैं और वह कोयंबटूर में भी एक रैली को संबोधित करने वाले हैं और एक रोडशो में शामिल होंगे।

अन्नामलाई ने तिरुपुर और कोयंबटूर समेत पश्चिमी क्षेत्र में लोकसभा सीटें जीतने का विश्वास जताया है। केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन पिछले काफी समय से नीलगिरि लोकसभा क्षेत्र पर ध्यान दे रहे हैं जहां से इस समय द्रमुक नेता ए राजा सांसद हैं। प्रधानमंत्री अपनी रैलियों में सत्तारूढ़ द्रमुक पर निशाना साधते आ रहे हैं, जबकि उन्होंने अन्नाद्रमुक के दिग्गज नेताओं दिवंगत जे जयललिता और एमजी रामचंद्रन की प्रशंसा की, जिससे अन्नाद्रमुक नेता काफी नाराज हैं। पलानीस्वामी के नेतृत्व में अन्नाद्रमुक के लिए यह चुनाव दो प्रमुख घटनाक्रमों के बाद पहला चुनाव है। पहला घटनाक्रम पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम और उनके समर्थकों को पार्टी से निष्कासित किया जाना और दूसरा घटनाक्रम अन्नाद्रमुक का भाजपा से नाता तोड़ना है।

स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

कोयम्बटूर में मक्कल निधि मयम (एमएनएम) पार्टी की राज्यसचिव अनुषा रवि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व गुणों से प्रभावित होकर तमिलनाडु में सुशासन के लिए कार्य करने की इच्छा से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनका स्वागत केन्द्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने किया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने अनुषा रवि का स्वागत किया।

हाई प्रोफाइल थूथुकुडी निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा सांसद व मुख्यमंत्री स्टालिन की बहन कनिमोझी की राह आसान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। चुनाव आयोग आज 2024 के चुनाव की तारीखों की घोषणा कर रहा है। राजनीतिक दल भी अपने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दे रहे हैं। राज्य में सीएम एम. के. स्टालिन की बहन कनिमोझी अपने निर्वाचन क्षेत्र थूथुकुडी कमजोर विपक्ष के कारण बहुत सशक्त स्थिति में हैं।

द्रमुक के दिग्गज नेता और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय एम. करुणानिधि की बेटी व वर्तमान मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की बहन

कनिमोझी थूथुकुडी सीट से द्रमुक के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक की उम्मीदवार हैं। कनिमोझी की पूरे निर्वाचन क्षेत्र में अच्छी स्वीकार्यता है और राज्य में डीएमके को इसका फायदा मिलता है। हालांकि, बंदरगाह शहर थूथुकुडी से अन्नाद्रमुक और द्रमुक दोनों को प्रतिनिधित्व मिला है।

2019 के लोकसभा चुनाव में कनिमोझी ने थूथुकुडी सीट पर 3,47,209 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एनडीए के तमिलिसाई साउंडराजन को हराया था। थूथुकुडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में विलाथिकुलम, थूथुकुडी, तिरुचेंदूर, श्रीवैकुंटम, ओट्टापिडारम और कोविलपट्टी विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इन छह विधानसभा क्षेत्रों में से पांच इंडिया ब्लॉक के पास हैं और एक सीट, कोविलपट्टी, अन्नाद्रमुक के कदम्बुर एस.राजू ने जीती है। इससे पता चलता है कि द्रमुक के नेतृत्व वाला इंडिया गुट थूथुकुडी लोकसभा क्षेत्र में कितना मजबूत है।

वर्ष 2019 में, कनिमोझी ने बीजेपी की तमिलिसाई को हराया था, जिन्होंने एआईएडीएमके, बीजेपी और पीएमके द्वारा समर्थित संयुक्त एनडीए उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। लेकिन अब एआईएडीएमके व बीजेपी एक-दूसरे से दूर जा चुके हैं और पीएमके के साथ गठबंधन पर भी अनिर्णय की स्थिति बनी है। ऐसे में कनिमोझी इस हाई प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्र में बिना किसी महत्वपूर्ण विपक्ष के मजबूत स्थिति में नजर आ रही हैं।

तमिलनाडु में एक ही चरण में 19 अप्रैल को मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। पूरे देश में लोकसभा चुनाव सात चरणों में होने हैं।

वहीं तमिलनाडु में 19 अप्रैल को एक ही चरण में लोकसभा चुनाव कराए जाएंगे। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने घोषणा की कि तमिलनाडु की सभी 39 सीटों और पुडुचेरी की एक सीट पर 19 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा।

वोटों की गिनती चार जून को होगी। निर्वाचन आयोग चुनाव के दौरान राज्य के सभी जिला मजिस्ट्रेट कार्यालयों में कंट्रोल रूम खोलगा, जो चौबीसों घंटें काम करेंगे। चुनाव आयोग चुनाव प्रचार के दौरान बच्चों के इस्तेमाल के खिलाफ भी कड़े कदम उठाएगा।

श्रीलंकाई नौसेना द्वारा मछुआरों की गिरफ्तारी पर पुडुचेरी व तमिलनाडु में विरोध प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा मछुआरों की गिरफ्तारी के खिलाफ शनिवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। पुडुचेरी के 12 और तमिलनाडु के तीन मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने शुक्रवार को उनकी मशीनीकृत नौकाओं के साथ गिरफ्तार कर लिया। तमिलनाडु के मछुआरा संघ के नेता एंटनी जॉन और आर. सेल्वम ने बताया कि इसके खिलाफ मछुआरे तमिलनाडु के मायलादुथुराई और नागपट्टिनम में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

एसोसिएशन के नेताओं ने कहा कि मछुआरों का एक और समूह पुडुचेरी में विरोध प्रदर्शन कर रहा है। तमिलनाडु से गिरफ्तार किए गए तीन मछुआरों में से दो नागापट्टिनम के और एक मायलादुथुराई का है। मछुआरे नागापट्टिनम में सड़क अवरुद्ध कर रहे हैं, जबकि मायलादुथुराई में प्रदर्शन किया जा रहा है। मछुआरे गिरफ्तारी और नौकाओं को जब्त करने के खिलाफ पुडुचेरी मुख्य सड़क पर नारेबाजी कर रहे हैं।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर मछुआरों की रिहाई के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है। 2024 में ही श्रीलंकाई नौसेना ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार करने और श्रीलंकाई जल क्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में तमिलनाडु और पुडुचेरी के 125 मछुआरों को गिरफ्तार किया है। लंकाई नौसेना द्वारा छह महंगी मशीनीकृत नावें जब्त कर ली गईं। गिरफ्तार मछुआरों में से कुछ को रिहा कर दिया गया, लेकिन उनकी नावें अभी भी श्रीलंकाई अधिकारियों के कब्जे में हैं।

दपरे के अतिरिक्त महाप्रबंधक ने स्टेशनों के पुनर्विकास को देखा

बेंगलूरु। दक्षिण पश्चिम रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक के.एस. जैन ने 16 मार्च को बेंगलूरु छावनी (केंट) और यशवंतपुर स्टेशनों के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। दक्षिण पश्चिम रेलवे क्षेत्र में बेंगलूरु छावनी और यशवंतपुर रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण किया जा रहा है, जो सिलिकॉन सिटी की बढ़ती परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव है।

उन्होंने सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल रेलवे स्टेशन और केएसआर बेंगलूरु और व्हाइटफील्ड के बीच चार-ट्रैक कार्य का निरीक्षण किया। सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए प्लेटफार्मों, पटरियों, इमारतों और अन्य संरचनाओं की स्थिति, प्लेटफार्मों, प्रतीक्षा क्षेत्रों, विश्राम कक्षों और आसपास के क्षेत्रों सहित स्टेशन परिसर की सफाई, बैठने की जगह, प्रकाश, सिग्नल, टिकट काउंटर, लिफ्ट, एस्केलेटर इत्यादि जैसी यात्री सुविधाएं अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्री सेवाओं के विभिन्न पहलुओं जैसे टिकटिंग, सूचना डेस्क और विशेष रूप से विकलांग यात्रियों को सहायता पर ध्यान दिया। उन्होंने निगरानी प्रणालियों, सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल सहित सुरक्षा उपायों की समीक्षा की, ट्रेन शेड्यूल, घोषणाओं और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय सहित संचालन की दक्षता का आकलन किया, सुरक्षा नियमों, प्रबंधन मानकों के अनुपालन की समीक्षा की।

एक विशेष थीम को लेकर हुई राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज प्रतियोगिता

विजेताओं को किया गया सम्मानित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। चेन्नई के गुरुनानक कॉलेज द्वारा अंग्रेजी और तमिल भाषा में राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेताओं को सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम के द्वारा युवाओं को जागरूक करने के लिए गुमनाम नायकों, होम गार्ड्स को एक श्रद्धांजलि दी गई। ऐसे होनहार नायकों को श्रद्धांजलि देने के लिए छात्रों ने कुछ लोग होम गार्ड्स से मिलने और उनका साक्षात्कार लेने के लिए यात्रा पर निकल पड़े, जिससे उन्हें आत्मसात किया जा सके। उनके अनसुने व्याख्यानों को सुना और उसका सार सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में 47 कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया। तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों से 347 छात्रों ने भाग लिया।

कॉलेज के शहीद बाबा दीप सिंह ऑडिटोरियम में इस प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तमिलनाडु होम गार्ड्स के सहायक कमांडेंट जनरल मंजीत सिंह नायर, जो कॉलेज के महासचिव व संवाददाता का कार्य भी करते हैं ने इस कार्यक्रम की सराहना की। समन्वयक पी. बालाजी ने प्रतियोगिता की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि पुलिस महानिदेशक के. वन्निया पेरूमल ने इस कार्यक्रम के परिणाम पर अपना संतोष व्यक्त किया। उन्होंने नायकों के कार्यों को स्वीकार करते हुए समाज पर उनके योगदान पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यअतिथि तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक (एचओपीएफ) शंकर जिवाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि होमगार्ड के रूप में स्वयंसेवा करना न केवल हमारे समाज की सुरक्षा और भलाई में योगदान देता है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, जिम्मेदारी और नागरिक कर्तव्य की भावना भी पैदा करता है।

कॉलेज के प्राचार्य टीके अववर्स कोथाई ने धन्यवाद दिया। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

मोदी के रोड शो को लेकर सुरक्षा चाकचौबंद

कोयम्बटूर। यहां आगामी 18 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो को लेकर पुलिस विभाग चौकस हो गया है। जगह जगह पर पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी हैं वहीं केन्द्रीय सुरक्षा एजेन्सी के अधिकारी भी कोयम्बटूर पहुंच गए हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने मोदी के रोड शो के निर्धारित मार्ग को देखा और वहां सुरक्षा की पूरी व्यवस्था करने के लिए पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। यह रोड शो एरू कम्पनी गुंडनपाल्या से शुरु होकर वडकवाई, मेट्टुपाल्यम् रोड होते हुए टीवी स्वामी रोड होकर पोस्ट ऑफिस सर्किल तक पहुंचेगा। यह वही सर्कल है जहां वर्ष 1998 में हुए कोयम्बटूर सीरियल धमाकों में 68 लोगों की जान गई थी और 250 से अधिक लोग घायल हुए थे। यहां पहुंचकर प्रधानमंत्री दिवंगतों को उस स्थान पर जाकर श्रद्धांजलि भी देंगे। गौरतलब है कि मद्रास हाईकोर्ट ने 4 घंटे के इस रोड शो के लिए पूर्ण व्यवस्था करने की बात कही है वहीं सरकार ने कहा था कि चुनाव के समय वह सुरक्षा आदि देने में असमर्थ हैं।

सुरक्षा अधिकारियों के साथ भाजपा कोयम्बटूर के अध्यक्ष जे. रमेश कुमार, उपाध्यक्ष वसंत राजन, आरएसपुरज्ञ् मंडल के अध्यक्ष सीपी कविता, भाजपा वार्ड 97 के अध्यक्ष अक्षत जैन आदि उपस्थित थे।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार पर मोदी ने साधा निशाना, "लूट" में लिप्त होने का लगाया आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कलबुर्गी (कर्नाटक)/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि जब लोग मुसीबत में हैं तो वह ''लूट'' में लिप्त है। भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की कलबुर्गी में कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे के गृह क्षेत्र में औपचारिक शुरुआत करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि कर्नाटक के लोगों ने आगामी चुनाव में राज्य में भाजपा को विजयी बनाने का फैसला कर लिया है।

मोदी ने कहा, ''कर्नाटक में कांग्रेस के प्रति आपके (लोगों के) मन में जो गुस्सा है, मैं वह समझ सकता हूं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो भले ही अपनी वेशभूषा बार-बार बदल ले लेकिन उसके कुकर्म नहीं बदलते। यही कारण है कि कर्नाटक के लोग सचेत हैं और उसके (कांग्रेस के) प्रति उनमें गुस्सा है।'' राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक दक्षिण भारत में कर्नाटक भाजपा के लिए बेहद अहम है क्योंकि भाजपा अतीत में यहीं पर सत्ता पर काबिज रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की कुल 28 में से 25 सीटें मिली थीं। पार्टी समर्थित एक निर्दलीय ने भी जीत हासिल की थी। मोदी ने यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक के लोग इतने कम समय में ही राज्य की कांग्रेस सरकार से निराश हो गए हैं। उन्होंने कहा, ''इससे पता चलता है कि लोग कांग्रेस की सच्चाई से वाकिफ हैं। कई मौके मिलने के बावजूद कांग्रेस सुधरने को तैयार नहीं है।'' मोदी ने कर्नाटक में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब होने का आरोप लगाते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों को खुलेआम संरक्षण मिल रहा है और लोगों के मन में भय उत्पन्न किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''जब लोग परेशान हैं तो कांग्रेस लूट में व्यस्त है।''

मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार को कांग्रेस से अलग नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''इन परिवारवादियों के लिए भ्रष्टाचार उनकी ऑक्सीजन है, भ्रष्टाचार के बिना ये लोग राजनीति में सांस भी नहीं ले सकते। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे करना और चुनाव के बाद अपनी जेबें भरना कांग्रेस का काम है। उन्होंने कांग्रेस पर कर्नाटक को ''फैमिली एटीएम'' बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, ''पार्टी और परिवार के खर्चों को पूरा करने के लिए राज्य के लोगों की कमाई का इस्तेमाल किया जा रहा है।''

मोदी ने कहा, '' जहां भी जनता के पैसे का उपयोग कुछ लोगों का पेट, जेब और खजाना भरने के लिए किया जाता है, वहां कुशासन, अव्यवस्था और अराजकता फैल जाती है। चुनाव से पहले किए गए वादों को पूरा करने के बजाय कर्नाटक के हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य बी एस येदियुरप्पा, केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी और भगवंत खुबा, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक, गुलबर्गा लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार उमेश जाधव सहित अन्य इस मौके पर उपस्थित थे। मोदी ने कहा कि लोगों के उत्साह को देखकर ऐसा लग रहा है कि कर्नाटक ने भाजपा को रिकॉर्ड संख्या में सीटों पर विजयी बनाने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक ने चुनाव की घोषणा से पहले ही तय कर लिया है कि फैसला क्या होगा। उन्होंने कहा कि वह पिछले कुछ दिनों से दक्षिण भारत में हैं और उससे पहले जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में थे। उन्होंने कहा कि श्रीनगर में पत्रकारों ने अपने ब्लॉग में लिखा है कि 1988 के बाद श्रीनगर में कभी किसी राजनीतिक दल की इतनी बड़ी रैली नहीं देखी गई।

मोदी ने कहा, ''मैंने श्रीनगर में जो दृश्य और जुनून देखा, भारत के प्रति जो उत्साह देखा... मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि देश अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले कुछ दिनों से दक्षिण भारत के विभिन्न हिस्सों में अपने प्रचार अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोग भाजपा को आशा के साथ देख रहे हैं। उन्होंने कहा, ''पूरे दक्षिण भारत में सभी वर्गों और क्षेत्रों के लोगों ने भाजपा को अपना अपार समर्थन दिया है। दक्षिण में भाजपा को मिल रहे इस भारी समर्थन को देखते हुए कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के लोग कह रहे हैं, उनके एक नेता ने संसद में भी कहा था, हमारे विरोधी भी कह रहे हैं--इस बार भाजपा होगी।''

मोदी ने इंगित किया कि कांग्रेस ने पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले मुफ्त बिजली का वादा किया था, लेकिन लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली के बिना, किसान अपने पंप सेट चलाने में असमर्थ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भाजपा सरकार प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत केंद्रीय सहायता के अलावा किसानों को 4,000 रुपये दे रही थी लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे बंद कर दिया है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की 'लूट' की स्थिति ऐसी है कि छोटे-छोटे विकास कार्यों के लिए भी उनके पास पैसा नहीं है और विधायकों से कहा गया है कि पैसा नहीं है। प्रधानमंत्री ने जनसभा में मौजूद लोगों से सवाल किया, ''क्या कोई सरकार इस तरह काम कर सकती है? क्या यह लोगों का भला कर सकती है? क्या वह वादे पूरे कर सकती हैं?'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस भी जानती है कि वह कर्नाटक में एक बार फिर सरकार नहीं बना सकती।

मोदी ने कहा, ''इसलिए कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा जितना संभव हो उतना लूटना है। क्या आप उन्हें लूटने देंगे।'' प्रधानमंत्री ने कहा, '' जब प्रदेश में कांग्रेस सरकार आपको लूट रही है तो आपकी आवाज संसद में सुनाई देना जरूरी है।

कर्नाटक को लूट से बचाने के लिए मुझे सांसदों के रूप में एक 'रक्षा कवच' बनाना होगा, ताकि राज्य पर नजर रखी जा सके और मुझे दिल्ली में पल-पल की जानकारी मिलती रहे, ताकि मैं लूट को रोक सकूं।'' कांग्रेस पर देश को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा, ''जब हम कहते हैं कि 'भारत' लोकतंत्र की जननी है, तो पूरी दुनिया इसे स्वीकार करती है, लेकिन यह सुनकर कांग्रेस के पेट में दर्द हो जाता है। कांग्रेस देश, इसकी विरासत और परंपराओं को बदनाम कर रही है। उन्होंने लोगों से यह गारंटी देने के लिए भी कहा कि भाजपा हर निर्वाचन क्षेत्र में जीते और कांग्रेस राज्य में अपना खाता भी नहीं खोल पाए।

पूर्व सांसद डॉ कर्ण सिंह यादव, पूर्व विधायक परम नवदीप, पुखराज गर्ग, सुशीला पलाडा और भंवर सिंह पलाडा सहित सैंकड़ों नेताओं ने भाजपा का दामन थामा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रीति और नीतियों से प्रभावित होकर उनके नेतृत्व में राष्ट्रनिर्माण के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का संकल्प लेते हुए आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न राजनैतिक दलों से आए पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रधान, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्यों के साथ सरपंच और कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने नेताओं को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई।

भाजपा ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड और चुनाव प्रबंधन कमेटी के संयोजक नारायण पंचारियां की उपस्थिति में पूर्व लोकसभा सांसद, पूर्व विधायक डॉ. कर्ण सिंह यादव, चूरू से पूर्व सांसद प्रत्याशी प्रताप पूनियां, पूर्व विधायक सुरेश टांक, रामलाल मेघवाल, महेंद्र सिंह गुर्जर, परम नवदीप, पूखराज गर्ग, बलवान यादव, पूर्व विधायक एवं जिला प्रमुख सुशीला पलाडा, व्यवसायी भंवर सिंह पलाडा, अलवर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, विश्वजीत सिंह चंपावत, सुजानगढ आरएलपी प्रत्याशी बाबुलाल कुलदीप, भादरा से निर्दलीय प्रत्याशी बजरंग सारण, भादरा प्रधान अनिल ओलख, पूर्व प्रधान राजीव कस्वा, रामस्वरूप मील, सीकर लक्ष्मणगढ से बसपा प्रत्याशी महेश मूंड, भरतपुर नगर निगम के पूर्व उप महापौर गिरीश चैधरी, भरतपुर के पूर्व जिला प्रमुख लीलावती सिंह, कोटा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बीएल वर्मा के साथ कई प्रधान, सरपंच और पार्षदों ने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में इस देश को अटूट विश्वास दिलाया है। इसी का परिणाम है कि आज भाजपा परिवार में विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता शामिल हो रहे है। एक तरफ नशे में चूर ऐसा शीर्ष नेतृत्व है जो एक परिवार तक सीमित है तो दूसरी ओर ऐसा शीर्ष नेतृत्व है जो पूरे देश को ही अपना परिवार मानता है। एक तरफ ऐसा शीर्ष है जो 13 साल मुख्यमंत्री और 10 साल से प्रधानमंत्री रहते हुए गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है और दूसरी ओर साल में 30 दिन अवकाश मनाने वाला नेतृत्व। देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ऐसा विश्वास है कि भाजपा के 10 वर्षों की तुलना कांग्रेस के 60 वर्षों से की जा रही है। एक ओर उनके 60 साल के विकास कार्य है तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में किए गए विकास कार्य है। इस दौरान महिला उत्थान और गरीब के लिए किए गए कार्यों की तुलना की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए काम हुआ है। ऐसे में आप सभी के सहयोग से फिर एक बार मोदी सरकार और, अबकी बार 400 पार सीटों पर कमल खिलाना है। वहीं राजस्थान की 25 की 25 सीटों पर भाजपा को जीताना है।

पूर्व सांसद और पूर्व विधायक डॉ कर्ण सिंह यादव भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि कांग्रेस की परिस्थितियां आज निराशाजनक है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व आज नशे में है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष यात्रा कर रहे है, उन्हें पार्टी के भीतर क्या हो रहा है इसका मालूम नहीं है। यहां प्रदेश का शीर्ष नेतृत्व का कोई आकलन नहीं है। अलवर का नेतृत्व तो राजप्रसादों में कैद है। कांग्रेस की ऐसी परिस्थितियों में लोगों का दम घुट रहा था। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भगवा दुपट्टा धारण करने के लिए हर कोई तैयार है। भाजपा की मजबूत पार्टी को हम सभी और अधिक मजबूत बनाएंगे और राजस्थान की 25 की 25 सीटों के साथ ही अलवर लोकसभा सीट पर अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज करवाएंगे।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के दौरान प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, विधायक और प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, भूपेंद्र सैनी, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ सहित कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजस्थान में 2 फेज में होंगे लोकसभा चुनाव

19 अप्रैल और 26 अप्रैल को होगा मतदान, 4 जून को आएंगे नतीजे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। 18वीं लोकसभा के लिए चुनावों का एलान आज हो गया है। देशभर में 7 चरणों में चुनावों का आयोजन किया जाएगा। इन 7 चरणों में से राजस्थान में शुरूआती दोनों चरणों में मतदान होगा। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा और दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। मतगणना देशभर में 4 जून को की जाएगी। पहले चरण में राजस्थान सहित 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा और दूसरे चरण में राजस्थान समेत 89 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

पहले चरण में इन सीटों पर होगा मतदान

19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान में 12 सीटों पर चुनाव होंगे। शेष 13 सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को चुनाव होंगे। पहले चरण में गंगानगर, बीकानेर, चूरू, सीकर, अलवर, भरतपुर, करौली, जयपुर ग्रामीण, जयपुर शहर, झुंझुनूं, दौसा, नागौर सीटों पर मतदान होगा।

दूसरे चरण में इन सीटों पर होगा मतदान

दूसरे चरण के होने वाले मतदान में 13 सीटों पर चुनाव होगा। इनमें कोटा, चित्तौड़गढ़, बाड़मेर-जैसलमेर, सिरोही, जोधपुर, पाली, अजमेर, राजसमंद, उदयपुर, भीलवाड़ा, टोंक-सवाईमाधोपुर, बांसवाड़ा, झालावाड़-बारां सीटों पर चुनाव होंगे। कांग्रेस से महेन्द्रजीत सिंह मालवीय के भारतीय जनता पार्टी में जाने की वजह से बागीदौरा विधानसभा सीट 26 अप्रैल पर उपचुनाव होगा।

पहले 100 दिन में गत सरकार से दोगना हुआ सड़क नेटवर्क का विकास : दीया कुमारी

जयपुर । उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि प्रदेश की वर्तमान डबल इंजन सरकार में दुगनी गति से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि विगत सरकार प्रथम सौ दिन में जितनी सड़कें बनायी गई थी, उसकी लगभग दुगनी वर्तमान सरकार के प्रथम सौ दिन में बनायी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश में औसतन प्रतिदिन 33 किमी. लम्बाई में सड़कों का निर्माण/विकास करने के साथ ही औसतन प्रतिदिन 2 से अधिक नवीन गाँवों को डामर सड़कों से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने एक बयान जारी का कहा कि बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अनुसार आधारभूत संरचनाओं के अन्तर्गत सड़क तंत्र को विकसित एवं सुदृढ करने के लिए प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लागत राशि 5-5 करोड़ के कार्यों के अन्तर्गत त्वरित कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग ने सभी प्रस्ताव तैयार करवाकर कुल 3219 किमी लम्बाई की 1631 मिसिंग लिंक एवं नॉन पेचेबल सड़कों के निर्माण के लिए 1000 करोड़ की स्वीकृतियाँ जारी की जा चुकी है। इन कार्यों को शीघ्र धरातल पर लाने के लिए निविदाएं भी आमंत्रित कर ली गई है।

उन्होंने बताया की विभाग की ओर से बीकानेर, जयपुर व भरतपुर जिलों की 05 महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों के लिए लागत 10.35 करोड़ की स्वीकृतियाँ जारी कर सभी 5 कार्यों की निविदा आमंत्रित करते हुए 2 कार्यों के कार्यादेश जारी किए जा चुके है। प्रदेश के विकास में विभाग राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण का कार्य भी सम्पादित करवाते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी के अन्तर्गत अलवर, अजमेर, पाली, नागौर, ब्यावर व भीलवाडा जिलों की 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर लागत 843 करोड़ व 50 किमी. लम्बाई के निर्माण को शीघ्र धरातल पर लाने के लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है।

राजस्थान में भाजपा सरकार के आते ही महंगाई नियंत्रित होने लगी है : तिवाड़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश में उनकी सरकार के सत्ता में आते ही महंगाई पर नियंत्रण होने लगा है। उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के समय राजस्थान देश का सबसे महंगा प्रदेश कहलाया जाता था, लेकिन भाजपा सरकार के सत्ता में आते ही एलपीजी गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल की दरों को कम करने से महंगाई पर नियंत्रण होने लगा है। तिवाड़ी ने प्रदेश की भजनलाल सरकार को 'वंडर सरकार' बताते हुए कहा कि महज 90 दिन में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने 73 लाख महिलाओं को 450 रुपये में एलपीजी सिलेंडर देने का वादा पूरा किया।

उन्होंने पेट्रोल डीजल के दाम में कमी के भाजपा सरकार के वादे का जिक्र करते हुए कहा कि कल केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर दो रुपये कम किये और प्रदेश की भजनलाल सरकार ने दो प्रतिशत मूल्य वर्धित कर (वैट) घटाकर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में पेट्रोल-डीजल की दरों में विसंगतियों को दूर किया है।

तिवाड़ी ने कहा कि राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता जो कि 46 प्रतिशत था उसको बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। इससे राज्य सरकार को 1640 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार वहन करना पड़ेगा। वहीं पेट्रोल-डीजल पर वैट-फ्रेट कम करने से 1750 करोड़ रुपये तेल कंपनियों को चुकाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेपर लीक मामले की जांच के लिये गठित विशेष कार्य दल (एसआईटी) की प्रशंसा करते हुए कहा कि एसआईटी ने इस मामले के 65 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और 20 फर्जी अभ्यर्थी और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

स्वागत

जयपुर में शनिवार को भाजपा सरकार द्वारा राजस्थान में भगवान महावीर जी के पनोरमा निर्माण के ऐतिहासिक निर्णय लेने के पश्चात ओटीएस आवास पर जैन समाज के प्रतिनिधि मण्डल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए।

लोकसभा चुनाव से पहले पांच मंत्रियों के कार्यभार में आंशिक बदलाव, कैबिनेट में संतुलन साधने की कोशिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार में लोकसभा चुनावों की आचार संहिता लगने से ठीक पहले पांच मंत्रियों के विभागों के विभाजन में आंशिक बदलाव किया गया है। इसका मुख्य कारण कैबिनेट में संतुलन साधने की कोशिश से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि स्कूल शिक्षा, संस्कृत शिक्षा के साथ अभी भी पंचायतीराज का पूरा विभाग मंत्री मदन दिलावर के पास ही रहेगा, लेकिन इस विभाग से जुड़े 5 मंत्रियों के अलग अलग विभागों का 5 मंत्रियों में बंटवारा किया गया है।

मंत्रिमंडल सचिवालय के आदेश के अनुसार ग्रामीण विकास जहां मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के पास है, वहीं पंचायतीराज का पूरा महकमा मंत्री मदन दिलावर के पास है, जिनके पास स्कूल शिक्षा और संस्कृत शिक्षा के दो महत्वपूर्ण विभाग पहले से ही हैं। इसलिए पंचायतीराज के अधीनस्थ महिला बाल विकास,कृषि, चिकित्सा-स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा और सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग संबंधित उन मंत्रियों को दिए हैं जिनके पास ये पांचों मूल विभाग हैं। इससे माना जा रहा है कि मदन दिलावर का भार कुछ हल्का हुआ है और अन्य 4 मंत्रियों का भार बढ़ा है। वहीं महिला बाल विकास,कृषि, चिकित्सा-स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा और सामाजिक न्याय अधिकारिता के पांचों विभागों के पंचायतीराज के अधीनस्थ कामों को लेकर अब दिक्कत नहीं आएगी, क्योंकि संबंधित विभागों के मूल मंत्री ही इससे जुड़े काम करेंगे। इसके तहत डिप्टी सीएम दिया कुमारी अपने पहले के वित्त,पर्यटन, कला साहित्य,संस्कृति, पीडब्ल्यूडी, महिला बाल विकास विभाग और बाल अधिकारिता के साथ पंचायतीराज के अधीनस्थ डब्लूयसीडी या महिला बाल विकास विभाग का स्वतंत्र प्रभार देखेगी। इसी तरह किरोडी लाल मीणा अपने पहले के कृषि,उद्यानिकी,ग्रामीण विकास,आपदा प्रबंधन,सहायता और नागरिक सुरक्षा और जन अभियोग निराकरण के साथ साथ पंचायतीराज के अधीनस्थ कृषि विभाग का स्वतंत्र प्रभार देखेंगे। गजेंद्र सिंह खींवसर चिकित्सा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवाएं ईएसआई और मदन दिलावर स्कूली शिक्षा,पंचायती राज,संस्कृत शिक्षा के साथ पंचायतीराज के अधीनस्थ स्कूली शिक्षा का स्वतंत्र प्रभार भी देखेंगे। वहीं अविनाश गहलोत सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के साथ पंचायतीराज के अधीनस्थ सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग का स्वतंत्र प्रभार भी संभालेंगे।

ढाई दशक बाद दौसा-गंगापुर के बीच चली ट्रेन, सांसद जसकौर ने दिखाई हरी झंडी, कहा-मोदी है तो मुमकिन है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। करीब ढाई दशक के लंबे इंतजार के बाद आखिर दौसा-गंगापुर लाइन पर शनिवार को ट्रेन चल गई। इसी के साथ दौसा स्टेशन को जंक्शन का दर्जा भी हासिल हो गया। सुबह 11:15 बजे सांसद जसकौर मीणा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इससे पूर्व पंडित कैलाश शर्मा ने विधि विधान से इंजन की पूजा अर्चना की। ट्रेन के ड्राइवर और गार्ड को साफा बंधाकर माला पहनाई गई। इस दौरान स्टेशन पर भारी भीड़ में जोश देखा गया। बड़ी संख्या में दौसा के लोगों ने इस ट्रेन से यात्रा की। ट्रेन के डिब्बो में सवार होकर यात्रियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। फूल मालाओं से सजा इंजन और यात्री ट्रेन पहली बार गंगापुर रूट के लिए रवाना हुई तो, लोगों ने हाथ हिलाकर खुशी जताई।

इससे पूर्व प्लेटफार्म समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद जसकौर मीणा ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने कहा कि दौसा गंगापुर रेल लाइन शुरू होने से दौसा जंक्शन बन गया है। यह दौसा की जनता को और गंगापुर दौसा के बीच 11 स्टेशनों के लोगों को मोदी सरकार की बड़ी सौगात है। जसकौर बोलीं कि जब वह सवाई माधोपुर की सांसद थी तो इस योजना के लिए 112 करोड़ का पहला बजट अटल बिहारी की सरकार ने दिया था। अब प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह प्रोजेक्ट हाथ में लेकर विजन को पूरा किया है। इसके साथ ही पायलट का सपना भी पूरा हो गया है। जिससे अब लोग इस रूट पर ट्रेन को दौड़ते देखेंगे। सांसद ने यह भी कहा कि अटल बिहारी की सरकार ने जयपुर से बयाना तक ट्रेन चलवाई थी। जिसे सवाई माधोपुर सांसद के नाते उन्होंने हरी झंडी दिखाई थी। लोग आज भी उस ट्रेन को जसकौर मेल के नाम से जानते हैं। आज फिर दौसा गंगापुर रेल को हरी झंडी दिखाने का उन्हें मौका मिला है। पूर्व विधायक शंकर शर्मा ने इस परियोजना में हुए विलंब का हवाला देते हुए कहा कि 10 साल पहले केंद्र में कांग्रेस की सरकार बैलगाड़ी की गति से चल रही थी। आज भाजपा सरकार ने इसे चालू कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि सेवा के लिए कोई समय की सीमा नहीं होती और सेवा कार्य के लिए कोई पद की जरूरत भी नहीं होती। यह तो संकल्प से ही संभव है। डीआरएम विकास पुरवार ने कहा कि 1020 करोड़ की लागत से दौसा गंगापुर रेल परियोजना पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि 95 किमी लंबे इस रूट पर दौसा गंगापुर के बीच यह ट्रेन चलेगी और 11 स्टेशनों पर रुकेगी। भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर पी डी शर्मा ने आभार व्यक्त किया। लोकसभा क्षेत्र दौसा के संयोजक सत्यनारायण शाहरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष मुरारी धौंकरिया, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर रतन तिवारी, पूर्व पालिका अध्यक्ष सुरेश घोसी, लोकसभा क्षेत्र के नेता राजाराम मीणा, पंडित राधेश्याम शर्मा, अशोक भागोती, वरिष्ठ नेता जगदीश व्यास, सत्यनारायण धौंकरिया, डीपी सैनी, विपिन जैन, सुमित्रा चौधरी, कैलाश नांगल गोविंद, अनिल ओसवाल, विशंभर बासड़ा, शिव शर्मा, डॉक्टर शंकर लाल शर्मा, इंद्र कुमार मीणा, हनुमान गुप्ता साहित्य अनेकों लोग इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

कांग्रेस के बड़े नेता हार के डर से चुनाव नहीं लड रहे हैं : यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री और अलवर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने कहा है कि हार के डर के कारण पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं भंवर जितेंद्र सिंह सहित कांग्रेस के बड़े नेता लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। यादव ने शनिवार को यहां पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की नहीं सुनी जा रही है। खड़गे कह रहे हैं कि पार्टी के बड़े नेताओं को लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहिये।

उन्होंने कहा कि जो पार्टी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के दर्द को नहीं समझ रही है तो देश की जनता के दर्द को क्या समझेगी। इसलिए खड़गे का बयान दर्शाता है कि कांग्रेस हताश एवं निराश है। कांग्रेस के नेताओं को लगता है कि अब यह पार्टी चौखट पर जाकर सिमट न जाये। यादव ने एक सवाल के जबाब में कहा कि अलवर में उनके सामने भंवर जितेंद्र सिंह को नहीं उतारने का जवाब भी खड़गे ही दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पांच साल तक कांग्रेस ने रूमाल-झपट्टा वाली सरकार चलाई है। यादव ने खुद को बाहरी नहीं, स्थानीय बताया।

पेयजल संवर्धन कार्य के लिये संभाग एवं जिलों में प्रभारी अधिकारी नियुक्त

जयपुर। राजस्थान में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग ने आगामी ग्रीष्म काल में पेयजल संवर्धन कार्य के लिये सभी संभाग और जिलों के लिये प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की है। प्रभारी अधिकारी पेयजल संवर्धन कार्य का सघन निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करेंगे, इसके लिये 31 मार्च 2024 से पहले ये अधिकारी आवंटित क्षेत्र का पहला दौरा करेंगे तथा इसके बाद वे प्रत्येक माह दौरा किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

विभाग के सचिव डॉ समित शर्मा ने बताया कि प्रभारी अधिकारी जिला या संभाग से संबंधित प्रकरणों का मुख्यालय पर संबंधित अधिकारियों के ध्यान में लाकर निस्तारित करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे। अधिकारियों को दर संविदा की उपलब्धता की सुनिश्चितता, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता, समस्याग्रस्त क्षेत्रों का चिह्नीकरण कर इसके लिये कार्य योजना तैयार करने, चिह्नित कार्यों की स्वीकृति की स्थिति और स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन की स्थिति कर विशेष मॉनिटरिंग करेंगे। साथ ही पेयजल परिवहन के लिये समस्या ग्रस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों का आकलन कर किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

शहीद कुलदीप की पत्नी भारतीय सेना में बनेंगी अधिकारी

झुंझुनू। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बिपिन रावत के साथ हेलीकॉप्टर हादसे में शहीद हुये कुलदीप राव की पत्नी यश्विनी राव अब भारतीय सेना में तकनीकी अधिकारी होंगी। श्रीमती राव का भारतीय सेना में चयन हुआ है और उनका प्रशिक्षण 24 सितंबर को पूरा होगा। यश्विनी राजस्थान में झुंझुनू जिले के घरड़ाना कलां गांव के रहने वाले शहीद कुलदीप सिंह राव की पत्नी है।

वह वायुसेना में स्क्वाड्रन लीडर के पद पर तैनात थे। यश्विनी फिलहाल चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। शहीद कुलदीप के पिता रणधीर सिंह भी नेवी से सेवानिवृत्त अफसर हैं, जबकि उनकी बहन अभिता राव भी सेना में डिप्टी कमांडेंट के पद पर तैनात हैं।

'आज 'नो कर्फ्यू-नो दंगा' है, क्योंकि यूपी में सब चंगा है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रामपुर (उप्र)/भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में 2017 के पहले कर्फ्यू एवं दंगे होते थे जबकि आज यहां 'नो कर्फ्यू, नो दंगा' है, क्योंकि यूपी में सब चंगा है।

योगी आदित्यनाथ ने रामपुर के लिए 610 करोड़ रुपए की 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद यहां महात्मा गांधी स्टेडियम (फिजिकल ग्राउंड) में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सारे पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा रहे हैं, गुरु पर्व हो या होली, ईद हो या दीपावली-क्रिसमस, सभी खुशहाली से मनाए जा रहे हैं। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा, हमने सर्किट हाउस का निर्माण कराया है, इसका नाम संत शिरोमणि रविदास जी के नाम पर होगा, जिन्होंने कर्म की साधना को महत्व दिया था।

योगी ने कहा, हर कोई अपने तरीके से पर्व-त्योहार मनाने के लिए स्वतंत्र है। यहां सुरक्षा है तो समृद्धि भी है। आज बेटियों एवं व्यापारियों की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता, यदि किसी ने कोशिश की तो यमराज उसे अगले चौराहे पर दबोच डालेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षा और सुविधा भी दे रही है, सरकार जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है और जब ऐसी सरकार होती है तो देश विकास की नई बुलंदियों को छूता हुआ दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले किसानों को बिजली नहीं मिलती थी, इस साल किसानों को 'फ्री' नलकूप में सिंचाई के लिए 26 सौ करोड़ रुपए बजट में दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो नौजवान पहले देश-दुनिया में नौकरी के लिए जाता था, आज उसे प्रदेश में नौकरी मिल रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों ने जो प्रयास किया, उसका परिणाम है कि रामपुर विकास की नई पहचान बना रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार रामपुरी चाकू (रामपुर की पहचान) को धार देगी, जो सबकी सुरक्षा के लिए भी काम कर सके और घर में सब्जी भी काट सके। योगी ने कहा, समृद्धि आएगी तो कोई जेब काटने की नौबत नहीं करेगा, हम हर हाथ को कार्य देंगे और रोजगार देंगे, फिर वायलिन के स्वर रामपुर में गूंजते दिखाई देंगे। रामपुर घराना फिर से संगीत के घराने के रूप में पहचान बनाएगी।

केंद्र में माता जी की एवं उप्र में सहयोगी की सरकार थी, लेकिन अमेठी का विकास नहीं हुआ : स्मृति ईरानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अमेठी (उप्र)/भाषा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि केंद्र में उनकी माता जी की सरकार थी और उप्र में उनके सहयोगी अखिलेश यादव की सरकार चल रही थी, लेकिन अमेठी के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया।

स्मृति ईरानी ने यहां अमेठी-किठावर (प्रतापगढ़) मार्ग के दोहरीकरण का शिलान्यास करने के बाद विशेषरगंज के काली जी मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने (राहुल गांधी) अमेठी से परिवार जैसे रिश्ते की बात की है पर पारिवारिक जिम्मेदारी को नहीं निभाई। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नामदारों ने अमेठी के लोगों के समर्थन के बल पर दिल्ली में बैठकर राज तो किया, लेकिन अमेठी के विषय में सोचा नहीं, खासकर राहुल गांधी ने अमेठी के विकास पर कोई ध्यान नहीं दिया। अपने द्वारा कराए गए कार्यों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि यही कारण है कि 50 साल और पांच साल में फर्क दिखाई दे रहा है। ईरानी ने दावा किया कि जो काम 50 साल में नहीं हुए वह काम अमेठी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पांच साल में करके दिखाया है। स्मृति ईरानी ने कहा कि 2019 में प्रधानमंत्री जी अमेठी आए थे तो उन्होंने कहा था, हम परिवर्तन लेकर आए हैं'' और उन्होंने पांच साल में जिस तरीके से विकास के काम किए हैं, उससे आज अमेठी बदली हुई नजर आ रही है।

बिहार में रेत खनन मामले में ईडी की फिर छापेमारी

पटना/भाषा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में कथित अवैध रेत खनन से जुड़े धनशोधन के मामले की जांच के तहत राज्य में शनिवार को फिर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि भोजपुर जिले के आरा शहर के आसपास छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि एक कारोबारी और उससे जुड़े कुछ लोगों के परिसरों में छापे मारे जा रहे हैं। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले हफ्ते इस मामले में सुभाष यादव नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़ा है। ईडी का मामला बिहार पुलिस की ओर से 'ब्रॉडसंस कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी और इसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज 20 प्राथमिकियों से उपजा है।

सीएए के होने के साथ बायोमेट्रिक को 'अनलॉक' करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकता है : हिमंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गुवाहाटी/भाषा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के लागू होने के बाद एक स्पष्टता आई है और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को अद्यतन करने के दौरान जिन लोगों के बायोमेट्रिक 'लॉक' हो गए थे उन्हें 'अनलॉक' (खोलने) की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। शर्मा ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता में कहा, मैं ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (एएएसयू) और अन्य हितधारकों के साथ इस प्रक्रिया पर चर्चा करूंगा और उम्मीद है कि चुनाव के तुरंत बाद कोई समाधान निकल आएगा। राज्य में करीब 27 लाख लोगों के बायोमेट्रिक 'लॉक' हो गए थे और उन्हें आधार कार्ड नहीं मिल पा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि कानून बनने बाद पिछले दो वर्षों के दौरान हम सीएए को लेकर संदेहों को दूर करने के लिए जमीन पर काम कर रहे थे। अब यह साफ हो गया है कि 2014 के बाद आए किसी भी व्यक्ति को भारतीय नागरिकता नहीं दी जाएगी। शर्मा ने कहा कि वह 100 प्रतिशत आश्वस्त हैं कि सीएए के माध्यम से एक भी व्यक्ति असम में नहीं आएगा और सिर्फ उन लोगों को नागरिकता मिलेगी जिन्होंने एनआरसी के लिए आवेदन किया था। मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया कि बायोमेट्रिक को 'लॉक' करने से राशन कार्ड और रोजगार प्राप्त करने में समस्याएं पैदा हुईं हैं और हम इस मामले का समाधान करेंगे। उन्होंने लोगों से सीएए को लेकर जज़्बाती नहीं होने और इस पर तर्कों को देखने की अपील की।

लोकसभा चुनाव के लिए तैयार, लोकतंत्र के भविष्य का होगा फैसला : कांग्रेस

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद शनिवार को कहा कि वह इस चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है तथा यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है क्योंकि इसमें देश के लोकतंत्र के भविष्य का फैसला होगा। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है। यह चुनाव आम नहीं है। यह चुनाव फैसला करेगा कि यह देश और लोकतंत्र मजदूर किसान के कंधों पर चलेगा या कुछ उद्योगपतियों के कंधों पर चलेगा। उन्होंने कहा, इस चुनाव से तय होगा कि देश बाबासाहेब के संविधान पर चलेगा या एक तानाशाह के गुणगान पर चलेगा। इसलिए यह एक आम चुनाव नहीं, खास चुनाव है। खेड़ा ने कहा, हम तैयार हैं। उन्होंने कांग्रेस की पांच 'न्याय गारंटी' का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के युवाओं, किसानों और अन्य वर्गों को विश्वास है कि कांग्रेस ने जो वादा किया है उन्हें वह पूरा करेगी। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही देश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

असम के सांसद ने पार्टी छोड़ने के बाद कहा, मुसलमानों के साथ गुलामों जैसा व्यवहार करती है कांग्रेस

गुवाहाटी/भाषा। एक दिन पहले पार्टी छोड़ने वाले असम से कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक ने शनिवार को अपनी पूर्व पार्टी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह मुसलमानों के साथ 'गुलामों' जैसा व्यवहार करती है। उन्होंने अपने इस्तीफे के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के एक वरिष्ठ नेता के निजी प्रतिशोध को जिम्मेदार ठहराया। आगामी लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनाए जाने पर निराशा व्यक्त करते हुए खालिक ने दावा किया कि असम गण परिषद (एजीपी), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम आदमी पार्टी (आप) समेत कई पार्टियां उनके संपर्क में हैं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वह किसी अन्य पार्टी में शामिल होंगे या नहीं। खालिक ने दावा किया कि उन्होंने टिकट न मिलने के कारण इस्तीफा नहीं दिया है, बल्कि मुसलमानों को प्रतिनिधित्व का अभाव समेत पार्टी से जुड़ी शिकायतें हैं।

नीतीश कुमार ने मंत्रियों को विभागों का आवंटन किया

गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पटना/भाषा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल विस्तार के एक दिन बाद शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (सरकार) के मंत्रियों को विभाग आवंटित किए। कुमार ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास बरकरार रखे जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त और वाणिज्यिक विभाग दिए गए हैं।

कैबिनेट सचिवालय विभाग की ओर से शनिवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व अन्य उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को सड़क निर्माण, खान एवं भूविज्ञान और कला एवं संस्कृति विभाग दिए गए हैं। नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए 21 नए मंत्रियों को शामिल किया था। 21 नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ, नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 30 हो गई। राज्य में संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार 36 मंत्री हो सकते हैं। अधिसूचना के अनुसार कुमार ने कैबिनेट सचिवालय, चुनाव, सतर्कता, सामान्य प्रशासन जैसे प्रमुख विभाग और किसी को आवंटित नहीं किए गए अन्य सभी विभाग भी अपने पास रखे हैं। भाजपा के प्रेम कुमार को सहकारिता और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग आवंटित किया गया है। नीतीश के करीबी बिजेंद्र प्रसाद यादव को ऊर्जा और योजना एवं विकास विभाग आवंटित किया गया है।

जबरन घर तोड़े जाने के मामले में पूर्व मंत्री आजम खान सहित चार आरोपी दोषी करार दिए गए

रामपुर (उप्र)/भाषा। रामपुर जिले की एक विशेष अदालत ने डूंगरपुर में जबरन घर तोड़े जाने के मामले में शनिवार को पूर्व मंत्री आजम खान समेत चार आरोपियों को दोषी करार दिया जबकि तीन अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत सोमवार, 18 मार्च को मामले में सजा सुनाएगी। संयुक्त निदेशक (अभियोजन) रोहताश कुमार पांडेय ने बताया कि रामपुर की सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) के सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने जिले के गंज थाने में दर्ज एक मामले में पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान, पूर्व नपा अध्यक्ष अजहर अहमद खान और पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आले हसन तथा बरकत अली को दोषी करार दिया जबकि अन्य तीन आरोपियों को बरी कर दिया। उन्होंने बताया कि रामपुर के चर्चित डूंगरपुर मामले में समाजवादी सरकार के समय जबरन घर तोड़े जाने की घटना को लेकर तत्कालीन नगर विकास मंत्री आजम खान, तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान और तत्कालीन सीओ (शहर) आले हसन खान सहित कुल सात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धाराओं 447, 427, 504, 506, 395 और 412 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

हमें पिछड़ों, दलित और अल्पसंख्यकों को साथ लाकर भाजपा को हराना है : अखिलेश यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में पूरी तैयारी से जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि इस चुनाव से भारत का भविष्य तय होगा।

अखिलेश ने कहा कि हमें पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों (पीडीए) के जरिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराना है। अखिलेश ने शनिवार को यहां सपा के प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) ने लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी है और इस चुनाव में भारत का भविष्य तय होना है। सपा मुख्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, अखिलेश ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र की अग्नि परीक्षा है, इसलिए आज से ही सभी को चुनाव प्रचार में जुट जाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा 2024 लोकसभा चुनाव के बाद जनता को वोट का अधिकार भी नहीं मिलने देगी इसलिए आज से ही सभी को प्रचार में जुट जाना है। सपा प्रमुख ने दावा किया कि ''जनता भाजपा को हराकर लोकतंत्र को बचाने के लिए तैयार है। हमें पीडीए के माध्यम से भाजपा को हराना है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा घोटाले और घपले हुए हैं। इतना ही नहीं लोगों को फर्जी मामलों में फंसाने और विपक्षी नेताओं को बदनाम करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), आयकर जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि समाजवादी सरकार में जो विकास कार्य हुआ था उसी को अपना बताकर या नाम बदल कर मौजूदा सरकार अपनी वाहवाही कर रही है।

अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा

ईटानगर/भाषा। अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को यह घोषणा की। आयोग के मुताबिक, विधानसभा चुनाव की अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी, जिसके बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी।

नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 30 मार्च है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव दोनों के लिए मतगणना चार जून को होगी।

अरुणाचल प्रदेश में दो लोकसभा सीटें और 60 सदस्यीय विधानसभा है। राज्य की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है।

पिछले चुनाव में भाजपा ने राज्य की दोनों लोकसभा सीट पर जीत हासिल की थी। विधानसभा में, भारतीय जनता पार्टी ने 41 सीट जीतीं, जबकि जनता दल (यूनाइटेड) ने सात सीट, एनपीपी ने पांच और कांग्रेस ने चार सीट पर जीत दर्ज की थी। वहीं, पीपीए ने एक सीट जीती, जबकि दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी जीत हासिल की थी।

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार के सुझावों पर ध्यान नहीं दिया : तृणमूल कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलकाता/भाषा। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शनिवार को दावा किया कि निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार के सुझावों पर ध्यान नहीं दिया। राज्य की 42 सीट के लिए सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे।

टीएमसी के राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर रे ने दावा किया कि यह देश के संघीय ढांचे की उपेक्षा है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार के विचारों पर ध्यान नहीं दिया गया। यह संघीय ढांचे की उपेक्षा है। हम इतने चरणों में चुनाव कराने के कारणों को नहीं समझ पा रहे हैं। ये काफी हैरान करने वाली बात है। पश्चिम बंगाल की 42 सीट के लिए सभी सात चरणों में मतदान होगा जो 19 अप्रैल से शुरू होगा। पश्चिम बंगाल के अलावा जिन राज्यों में सातों चरणों में चुनाव हो रहे हैं उनमें बिहार और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। अंतिम चरण का मतदान एक जून को होगा और मतगणना चार जून को होगी।

पुरुष टीम के साथ जो हुआ, उससे कोई संबंध नहीं है : आरसीबी महिला टीम की कप्तान मंधाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल से पहले अपनी टीम पर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहती और उनका कहना है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फ्रेंचाइजी की पुरुष टीम से तुलना करने के मूड में नहीं हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की पुरुष टीम पिछले 17 साल में एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है जबकि तीन बार उपविजेता (2009, 2011, 2016) रही है। लेकिन डब्ल्यूपीएल के दूसरे ही सत्र में मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी महिला टीम को खिताब जीतने का शानदार मौका मिल गया है। मंधाना ने यहां शुक्रवार को एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस पर पांच रन की जीत के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, पहले तो मुझे लगता है कि यह साल हमारे लिए पूरी फ्रेंचाइजी से जुड़ने के लिए काफी अहम था। पुरुष टीम के साथ जो हुआ, कभी कभार इससे दबाव होता है। उन्होंने कहा, इसलिए हम सिर्फ यही सोच रहे हैं कि हम अभी दूसरे ही सत्र में हैं इसलिए ज्यादा तनाव नहीं लेना चाहिए। पुरुष टीम के साथ क्या हुआ, हमें उससे कुछ लेना देना नहीं है।

आरसीबी के लिए डब्ल्यूपीएल का पहला सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था जिसमें टीम लीग तालिका में चौथे स्थान पर रही थी। लेकिन मंधाना का मानना है कि वर्तमान में रहना अहम है। उन्होंने कहा, क्रिकेट ने जो सिखाया है, उसके अनुसार वर्तमान में रहना अहम है। यह मैच के दिन अच्छा क्रिकेट खेलने के बारे में हैं और कल के मुकाबले में जो भी टीम अच्छा करेगी खिताब जीतेगी। मंधाना फाइनल की प्रतिद्वंद्वी टीम की कप्तान मेग लैनिंग का बहुत सम्मान करती हैं लेकिन उन्हें लगता है कि कप्तान हमेशा टीम के जितना ही अच्छा होता है। मंधाना ने कहा, हम कप्तान की भूमिका को बहुत अधिक तवज्जो देते हैं लेकिन कप्तान टीम के जितना ही अच्छा होता है। कल भी कुछ नहीं बदलेगा, हम दिल्ली कैपिटल्स की अच्छी टीम के खिलाफ खेलेंगे जिसने पिछले दो सत्र में काफी अच्छा क्रिकेट खेला है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा लैनिंग से प्रेरणा लेती हूं, वह बल्लेबाजी को बखूबी समझती है। उन्होंने मुझे सिखाया कि अन्य खिलाड़ियों से किस तरह प्रेरणा ली जाए। जब मैंने पदार्पण किया था तो लैनिंग ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष स्कोरर थीं। उन्हें खेलते हुए देखना अच्छा लगता है।

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के लिए अस्तित्व की लड़ाई है यह चुनाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस पिछले दो लोकसभा चुनाव में हार के बाद वह एक बार फिर बेहद मुश्किल माने जा रहे चुनाव में उतर रही है। इस चुनाव में उसके सामने अस्तित्व बचाने की कड़ी चुनौती है क्योंकि एक बार उसका मुकाबला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली शक्तिशाली भाजपा से है।

कुछ ऐसी ही चुनौती आम आदमी पार्टी, वाम दलों और कई अन्य क्षेत्रीय दलों के लिए भी है। कांग्रेस का आजादी से पहले से लेकर पिछले दशक तक राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में बड़ा दबदबा था, लेकिन कुछ वर्षों से वह लगातार सिमटती जा रही है। अब वह केवल तीन राज्यों - कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में अपने दम पर सत्ता में है। इस पर भी एक बड़ा सवालिया निशान है कि क्या वह 'इंडिया' गठबंधन की अगुवाई का दावा भी कर सकती है।

केंद्र में मोदी के रहते पिछला दशक 138 साल पुरानी पार्टी के लिए बहुत मुश्किल भरा रहा। वह लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद के लिए आवश्यक सीटें भी हासिल करने में विफल रही। कांग्रेस नेता पार्टी की गौरवशाली विरासत पर भरोसा करते हुए पतन के रुकने और फिर से खड़े होने की उम्मीद कर रहे हैं, हालांकि कई चुनौतियां उनके सामने खड़ी हैं।

पार्टी ने पिछले चुनाव में लड़ी गई 421 सीटों में से केवल 52 सीटें हासिल कीं, जिससे 2014 की तुलना में उसकी संख्या में थोड़ा सुधार हुआ जब उसने लड़ी गई 464 सीटों में से 44 सीटें हासिल की थी। 2014 में 178 के मुकाबले 2019 में 148 कांग्रेस उम्मीदवारों ने अपनी जमानत गवां दी। वर्ष 1984 में कांग्रेस के लिए शिखर तब आया जब उसने रिकॉर्ड 404 सीटें जीतीं। इसके बाद उसे 1989 के आम चुनाव में 197 सीट, 1991 में 232, 1996 में 140, 1998 में 141, 1999 में 114, 2004 में 145 और 2009 में 206 सीटें मिलीं।

वर्ष 2019 और 2014 के लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए हल्की उम्मीद की किरण यह थी कि उसने अपना मत प्रतिशत लगभग 19 प्रतिशत पर बनाए रखा, जिसे अब वह आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रही है। 2009 में, जब मनमोहन सिंह सत्ता में लौटे थे, तो पार्टी को 28.55 प्रतिशत मत मिले थे। दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ 'आप'ने करीब एक दशक में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर लिया है। वह आगामी लोकसभा चुनावों में अपने राजनीतिक पदचिह्न का विस्तार करने की कोशिश करेगी। आम आदमी पार्टी भी 'इंडिया' गठबंधन का एक प्रमुख घटक है।

सुविचार

अपने रिश्तो की और पैसों की कदर एक समान करें, क्योंकि दोनों कमाना मुश्किल है, लेकिन गवाना आसान है।

ट्वीट

मैं यह साफ तौर पर देख रहा हूं कि आने वाले 5 वर्ष हमारे उस सामूहिक संकल्प का कालखंड होगा जिसमें हम भारत की अगले एक हजार वर्ष की विकास यात्रा का रोडमैप तैयार करेंगे। ये समय भारत के सर्वांगीण विकास, समावेशी समृद्धि और वैश्विक नेतृत्व का साक्षी बनेगा।

-नरेन्द्र मोदी

संसदीय क्षेत्र कोटा में धर्म और आस्था के प्रमुख केन्द्र गुरुद्वारा श्री अगमगढ़ साहिब में मत्था टेककर गुरुघर का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब के जत्थेदार बाबा लक्खा सिंह जी के सानिध्य में सिख समुदाय के प्रबुद्धजन से संवाद का अवसर भी मिला।

-ओम बिरला

कहानी

तर्पण

चित्रा मुद्गल

पापाजी, ये सुबह-सुबह उठते ही आप सहगल की सीडी क्यों लगा देते हैं? कितना मनहूस गाना है। जब दिल ही टूट गया, हम जी कर क्या करेंगे - ? गाना क्या है, रोना है, रोना। बंद कीजिए। पचासों नई सीडी अमृता ने लाकर रखी हुई हैं घर में। उन्हें सुनिए। पापाजी, आपने तो हद कर दी। येऽऽ लैंडलाइन्स का बिल बारह सौ रुपये? इतना! हम तो कहीं करते ही नहीं फोन। घर में होते ही कब हैं? दफ्तर से खटखटा रात सोने भर के लिए तो घर आते हैं। हमारे रहते किसी का फोन आ गया तो उठा भर लेते हैं। जिन्हें करना होता है, उन्हें दफ्तर से कर लेते हैं। अपने-अपने मोबाइल हमारे पास हैं। आपको मोबाइल दिया नहीं क्योंकि आपको पेसमेकर लगा हुआ है। अमृता बता रही थी, तुम फिजूल भुन्ना रहे हो। गनीमत समझो कि बिल कम आया है। वरिष्ठ नागरिकों को सरकार ने हर जगह छूट दे रखी है। ''मुझे तो लगता है, एमटीएनएल वालों ने बूढ़ों के लिए फोन की दरें आधी कर रखी हैं। वरना पापाजी का क्या है।

हर आधे घंटे में वे बीस-पच्चीस मिनट से कम नहीं बतियाते। जाने इतनी बातें फोन पर क्यों करते हैं। किससे करते हैं? जिससे करते हैं, वह भी फुरसत वाला ही होगा। ''उस हिसाब से तो बिल मामूली ही समझो।'' लो, सुनो अपने बाप के कसीदे - हमें तो पड़ोस की रमणिका ने चार्टेड बस में बताया। कल दोपहर की ही तो बात है। नुक्कड़ वाली धोबन को चार उल्टियाँ क्या हो गईं - पापाजी उसे रिक्शे में बैठाकर अस्पताल ले दौड़े। पता चला वहाँ जाकर - रतनिया पेट से है। हमें ही नहीं पता। प्रपंचों में हम पड़ते ही कहाँ हैं। मोहल्ले में चार तरह के लोग चार तरह की बातें बना रहे हैं। ये खन्ना, क्यूँ इतना फिक्रमंद हो उठा रतनिया को लेकर? अब मैं किस-किस को जाकर सफाई दूँ कि, पापाजी पचासी पार कर रहे हैं? पापाजी! यह क्या तमाशा है? दफ्तर जाने की मारा-मारी के बावजूद सुबह मैं पानी की बोतलें भरकर लाइन से फ्रिज में लगाकर जाती हूँ। साँझ को मर-खप घर लौटते हैं दोनों तो - घूँट भर ठंडा पानी पीने को नसीब नहीं होता। हमसे तो मोहल्ले के जमादार, पोस्टमैन, ठेले वाले किस्मत वाले ठहरे - उन्हें जब भी प्यास लगती है, आप बोतलें खाली कर देते हैं। आप समझते क्यों नहीं पापाजी। परोपकार के वो जमाने लद गए। घर के सामने जब लोग पानी के मटके रखवा दिए करते थे, गरमियों में।''प्याऊ बनवा दिया करते थे रास्तों पर।''नमकीन पिछले हफ्ते ही तो घर में आई थी, पापाजी!हमने तो टूँगा ही नहीं।''इतनी जल्दी खत्म भी हो गया? थके-हारे घर लौटकर एक पैग लेने की सोचो तो नमक चट कर स्कॉच के घूँट भरो। जानते नहीं यहाँ से बाजार कितनी दूर है? वैसे तो आप कहते रहते हैं, बीकानेरी भुजिया आपके दाँतों से चबती नहीं। फिर किनकी खातिरदारी में नमकीन की भरनियाँ उलीचते रहते हैं आप! अपने कमरे की बिजली दिनभर क्यों जला कर रखते हैं पापाजी आप? पिछले साल ही तो मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ है आपका। आपने ही कहा था। आपरेशन ठीक-ठाक हो गया, संतुष्ट हैं आप। अब आपको आँखों से ठीक से दिखाई देता है बल्कि, साधारण रोशनी में भी आराम से पढ़ लेते हैं आप। कल शाम चार्टर्ड से उतरकर गेट से जैसे ही दाखिल हुए घर में, बरामदे की बत्ती को जलते हुए पाया। जाने कब से जली छोड़ रखी होगी आपने। क्यों आन की। दिन तो बड़े होते हैं आजकल? पापाजी, इस महँगाई में - बिजली की फिजूलखर्ची कैसे बरदाश्त करें। बताइए? घर में साग-सब्जी ले आने भर से घर का खर्च नहीं चलता पापाजी। सैकड़ों खर्चे हैं। किस-किस को गिनाएँ? पेंशन तो आपकी अपनी दवा-दारू में खर्च हो जाती है। बाकी सारा खर्च तो हम पर पड़ता है। चलो माना। पेंशन कम है। तनख्वाह जो कम थी। मगर तब क्या हुआ आपको पापाजी। सिक्स्थ पे कमीशन का बढ़ा हुआ हिसाब-किताब हाथ आते ही, फौरन लपक लिए आप पटियाला। बेटी की मुट्ठी गरम करने? समझी, स्वाभाविक है। पैरवी की फीस भरनी जरूरी जो ठहरी! यह क्या किया आपने पापाजी? बैठक में मम्मीजी की तसवीर टाँग दी? मम्मीजी की तसवीर कोई सैयद हैदर रजा की पेंटिंग है क्या?

कितनी भद्दी लग रही है दीवार! सोचा था, साठ-सत्तर हजार जोड़ लूँगी तो रजा की एक पेंटिंग खरीद कर लाकर यहाँ टाँग दूँगी। न होगा तो उनकी किसी पेंटिंग का पोस्टर ही खरीद कर मढ़वा लूँगी। लग जाएँगे चार-चाँद बैठक की कलात्मकता में। ईर्ष्या करेंगे अड़ोसी-पड़ोसी। उनके घर की दीवार पर रजा की पेंटिंग सजी हुई है। ''सच तो यह है पापाजी!'' ''जोड़-गाँठ कर बंगला बनवा लेने भर से कोई बंगले वाला नहीं हो जाता।'' बंगले में रहने के लिए बंगलेवालों जैसी औकात भी होनी चाहिए। औकात तो वही है। जहाँ बैठ कर चाय पी, कुर्सी के नीचे कप-प्लेट सरका दीं। मक्खियाँ भिनकती हैं तो भिनकती रहें। क्या फर्क पड़ता है। फिर, सुधरने में क्या सुख जो पसरने में मिलता है! माना, संपत्ति कर में वरिष्ठ नागरिकों को भारी छूट मिलती है। तर्क सही है आपका पापाजी! सही सोचते हैं आप! पैसे हमारे बचते हैं और हमें बचाने ही चाहिए। इफरात में नहीं कमाते हम लेकिन जो काम करने के बाद होना है, वह अगर मरने से पहले हो जाए और शांति से हो जाए, तो इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है? इकलौता वारिस हूँ आपका। दोनों कमाते हैं। आराम से भर लेंगे बढ़ा हुआ संपत्ति कर। जितना खर्च मेरे नाम घर कराने में अभी आएगा, आपके न रहने पर उसी काम का चार गुना अधिक भरना होगा। शायद उससे भी ज्यादा। बोलिए पापाजी, कागजात कब तैयार करवाऊँ? वकील कह रहा था - रजिस्ट्री के समय आपके पापाजी को मजिस्ट्रेट के सामने उपस्थित होना पड़ेगा। उनसे उनकी मर्जी पूछी जाएगी।

वैसे मजिस्ट्रेट रजिस्ट्री के लिए घर भी आ सकते हैं लेकिन उनके घर आने की फीस साठ-सत्तर हजार से कम न होगी, इधर आपके हाथों में कंपन शुरू हो गया है पापाजी। पेंशन कार्यालय में पेंशन क्लर्क शिकायत करने लगे हैं, खन्ना साहब के हस्ताक्षर बदलने लगे हैं। बाकी तो, आप सोच लीजिए पापाजी।

संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

दृश्य-अदृश्य

दृश्य और अदृश्य की बात अध्यात्म और मनोविज्ञान, दोनों करते हैं। यूँ देखा जाए तो मनोविज्ञान, अध्यात्म को समझने की भावभूमि तैयार करता है जबकि अध्यात्म, उदात्त मनोविज्ञान का विस्तार है। अदृश्य को देखने के लिए दर्शन, अध्यात्म और मनोविज्ञान को छोड़कर सीधे-सीधे आँखों से दिखते विज्ञान पर आते हैं।

जब कभी घर पर होते हैं या कहीं से थक कर घर पहुँचते हैं तो घर की स्त्री प्रायः सब्जी छील रही होती है। पति से बातें करते हुए कपड़ों की कॉलर पर जमे मैल को हटाने के लिए उस पर क्लिनर लगा रही होती है। टीवी देखते हुए वह खाना बनाती है। पति काम पर जा रहा हो या शहर से बाहर, उसके लिए टिफिन, पानी की बोतल, दवा, कपड़े सजा रही होती है। उसकी फुरसत का अर्थ हरी सब्जियाँ ठीक करना या कपड़े तह करना होता है।

पुरुष की थकावट का दृश्य, स्त्री के निरंतर श्रम को अदृश्य कर देता है। अदृश्य को देखने के लिए मनोभाव की पृष्ठभूमि तैयार करनी चाहिए। मनोभाव की भूमि के लिए अध्यात्म का आह्वान करना होगा। परम आत्मा के अंश आत्मा की प्रतीति जब अपनी देह के साथ हर देह में होगी तो 'माताभूमि पुत्रोऽहम पृथ्विया' की अनुभूति होगी।

जगत में जो अदृश्य है, उसे देखने की प्रक्रिया शुरू हो गई तो भूत और भविष्य के रहस्य भी खुलने लगेंगे। मृत्यु और उसके दूत भी बालसखा-से प्रिय लगेंगे। आँख से विभाजन की रेखा मिट जाएगी और समानता तथा 'लव बियाँड बॉर्डर्स' का आनंद हिलोरे लेने लगेगा।

जिनके जीवन में यह आनंद है, वे ही सच्चे भाग्यवान हैं। जो इससे वंचित हैं, वे आज जब घर पहुँचें तो इस अदृश्य को देखने से आरंभ करें। यकीन मानिए, जीवन का दैदीप्यमान नया पर्व आपकी प्रतीक्षा कर रहा है।

स्वर्ग की यात्रा

एक बार की बात है, राजा अकबर अपने दरबार में बैठकर कुछ विचार कर रहे थे। तभी अचानक उन्हें ख्याल आया कि उनकी दाढ़ी और बाल काफी बढ़ गए हैं। इस ख्याल के आते ही उन्होंने अपने एक दरबारी को बुलाकर नाई को फौरन हाजिर होने का संदेश भिजवाया। राजा का संदेश मिलते ही नाई महल पहुंच गया। महल पहुंचकर नाई राजा की हजामत बना ही रहा था कि कहीं से एक कौवा वहां आकर बैठ जाता है और कांव-कांव करने लगता है। राजा अकबर नाई से पूछते हैं, यह कौवा कांव-कांव क्यों कर रहा है? इस पर नाई जवाब देता है, यह आपके पूर्वजों का हाल-चाल बताने आया है।

नाई के इतना कहते ही राजा अकबर आश्चर्य से पूछते हैं, तो बताओ फिर यह कौवा मेरे पूर्वजों के बारे में आखिर क्या बता रहा है? राजा के इस सवाल पर नाई कहता है, यह कौवा कह रहा है कि आपके पूर्वज स्वर्ग में मुसीबत में हैं और काफी परेशान हैं। उनका हालचाल लेने के लिए आपको अपने किसी करीबी को स्वर्ग भेजना चाहिए। नाई की यह बात सुनकर राजा अकबर और भी हैरान हो जाते हैं। राजा अकबर आश्चर्य से नाई से पूछते हैं, आखिर किसी इंसान को जिंदा स्वर्ग में कैसे भेजा जा सकता है? राजा के इस सवाल पर नाई जवाब देता है, महाराज मेरी नजर में एक पुरोहित है, जो इस काम को अंजाम दे सकता है। बस आप इस काम के लिए अपने किसी करीबी को स्वर्ग जाने के लिए राजी कर लीजिए।

नाई के इस आश्वासन पर राजा अकबर तैयार हो जाते हैं और दरबार में अपने सभी करीबी दरबारियों को बुलाते हैं। राजा के आदेश पर सभी करीबी दरबारी राजा अकबर के सामने हाजिर हो जाते हैं। सभी दरबारी राजा से अचानक बुलाने की वजह पूछते हैं। इस पर राजा उन्हें नाई के साथ हुई सारी बात सुनाते हैं। राजा की बात सुनकर सभी दरबारी एक मत में बीरबल का नाम आगे रखते हैं। दरबारी कहते हैं कि स्वर्ग जाकर पूर्वजों का हाल-चाल लेने के लिए बीरबल से उचित व्यक्ति और कोई नहीं हो सकता, क्योंकि बीरबल हम सब में सबसे ज्यादा बुद्धिमान और चतुर है। इसलिए, स्वर्ग में आपके पूर्वजों का हाल-चाल लेकर वह उनकी परेशानी का हल आसानी से निकाल सकता है।

राजा अकबर दरबारियों की इस सलाह को मानते हुए बीरबल को स्वर्ग भेजने की तैयारी कर लेते हैं। इस बात का पता चलते ही बीरबल शहंशाह अकबर से पुरोहित को बुलाकर स्वर्ग भेजने की विधि के बारे में पूछते हैं। बीरबल की इस बात पर राजमहल में पुरोहित को बुलवाया जाता है। पुरोहित के आते ही उनसे स्वर्ग जाने की विधि के बारे में पूछा जाता है। पुरोहित बताते हैं, आपको यहीं पास में मौजूद एक घास के ढेर में भेजा जाएगा। बाद में उस ढेर में आग लगा दी जाएगी। फिर कुछ मंत्रों की शक्ति से आपको स्वर्ग भेज दिया जाएगा।

स्वर्ग जाने की पूरी प्रक्रिया जानने के बाद बीरबाल राजा अकबर से करीब 11 दिन का समय मांगते हैं और पुरोहित को 11 दिन बाद बुलाने की बात रखते हैं। वह कहते हैं, मैं स्वर्ग जा रहा हूं और कितने दिन मुझे लौटने में लगेंगे इस बारे में निश्चित तौर पर कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए, स्वर्ग जाने से पहले एक बार मैं अपने परिवार से मिलना चाहता हूं और कुछ समय बिताना चाहता हूं। बीरबल अपने घर जाने के लिए महल से रवाना हो जाते हैं। देखते-देखते 11 दिन बीत जाते हैं। 12वें दिन बीरबल स्वर्ग जाने के लिए राजा अकबर के सामने हाजिर होते हैं। पुरोहित को बुलाया जाता है और बीरबल को स्वर्ग भेजने की तैयारी की जाने लगती हैं। पुरोहित बीरबल को स्वर्ग भेजने के लिए महल से कुछ दूर घास का एक ढेर लगवाते हैं। बीरबल को स्वर्ग भेजने के लिए घास के ढेर के अंदर भिजवाया जाता है। घास के ढेर के अंदर जाते ही पुरोहित घास के ढेर में आग लगा देते हैं और बीरबल को स्वर्ग भेजने की प्रक्रिया पूरी होती है। धीरे-धीरे दो महीने बीत जाते हैं और राजा अकबर को बीरबल की चिंता होने लगती है। तभी अचानक बीरबल दरबार में हाजिर हो जाते हैं। राजा अकबर, बीरबल को देखकर प्रसन्न होते हैं और अपने पूर्वजों का हाल-चाल पूछते हैं। तब बीरबल बताते हैं, आपके पूर्वज काफी खुश हैं और मजे में हैं। उन्हें बस एक ही तकलीफ है कि उनकी दाढी और बाल काफी बड़े हो गए हैं, जिन्हें काटने वाला स्वर्ग में कोई नाई नहीं है। इसलिए, वहां उन्हें एक नाई की जरूरत है। बीरबल कहते हैं, ऐसे में हमें आपके पूर्वजों के लिए एक अच्छे नाई को स्वर्ग भेजने की तैयारी करनी चाहिए। बीरबल की इस बात पर राजा नाई को स्वर्ग जाने का आदेश देते हैं।

राजा का आदेश सुनकर नाई घबरा जाता है और राजा के पैरों में गिरकर माफी मांगने लगता है। नाई राजा से कहता है कि यह सब कुछ उसने वजीर अब्दुल्लाह के कहने पर किया था। यह सब उन्हीं की साजिश थी, ताकि वह बीरबल को अपने रास्ते से हटा सकें। अब राजा अकबर के सामने सारी सच्चाई आ चुकी थी। ये सब जानने के बाद राजा अकबर ने वजीर अब्दुल्लाह और उनके साथियों को दंड देने का आदेश दिया। अंत में राजा अकबर, बीरबल से पूछते हैं, तुम्हें इस सच्चाई का पता कैसे चला और तुम घास के ढेर में आग लगने के बाद कैसे बच गए? तब बीरबल जवाब देते हैं, आग के ढेर में जाने कि बात सुनकर मुझे इस साजिश का अंदाजा हो गया था। इसी वजह से मैंने 11 दिन का समय मांगा था। उन 11 दिनों में मैंने उस घास के ढेर वाले स्थान के नीचे से अपने घर तक एक सुरंग बनवा दी थी। उस सुरंग के जरिए ही मैं वहां से बचकर निकल पाया। बीरबल की पूरी बात सुनकर राजा बहुत प्रसन्न हुए और बोले, वाह! बीरबल वाह! यह काम केवल तुम ही कर सकते थे।

बोध कथा

फूलों की राजकुमारी

कुछ समय पहले, एक शहर में एक औरत अकेली रहती थी। उसका अपना कोई नहीं था। इस बात से वह काफी दुखी थी। एक दिन वह अपनी परी दोस्त से मिलने गई और उसे कहा कि मुझे एक बेटी चाहिए। परी ने उसकी बात सुनकर उसे एक बीज दिया और बोली कि तुम इस बीज को तुम अपने घर के एक गमले में लगा देना। परी से बीज लेने के बाद महिला घर पहुंची और उसके बताए अनुसार बीज को अपने घर के गमले में लगा दिया। अगले दिन जब वह गमले के पास गई, तो उसने देखा कि उसमें एक सुंदर-सा फूल खिला था। वह एक जादुई फूल था, जिसका नाम ट्यूलिप था। उसकी पंखुड़ियां आधी ही खुली थी।

उस औरत ने जब उस फूल को चूमा, तो उसकी पंखुड़ियां पूरी तरह से खिल गईं। फूल के खिलते ही उसमें से एक बहुत खूबसूरत लड़की बाहर निकली। वह लड़की फूल की ही तरह बेहद कोमल थी और उसका आकार अंगूठे जितना था, इसलिए उस औरत ने उसका नाम थंबलीना रखा। महिला ने थंबलीना से कहा, 'बेटी मैं तुम्हारी मां हूं। अब से मैं ही तुम्हारा पालन करूंगी और तुम्हें बहुत प्यार से रखूंगी।' यह सुनकर थंबलीना भी काफी खुश हो गई और खुशी-खुशी उसी घर में रहने लगी। एक दिन थंबलीना खेल रही थी। तभी मेंढक की नजरें उस पर पड़ी। मेंढक ने अपने मन में सोचा कि क्यों न इससे मैं अपने बेटे की शादी करा दूं। यह सोचकर मेंढक थंबलीना को उठाकर अपने बेटे के पास ले गया। मेंढक का बेटा थंबलीना को देखकर उससे शादी करने के लिए तैयार हो गया। मेंढक ने थंबलीना को तालाब के पास एक पत्ते पर रखकर शादी की तैयारियों में जुट गया।

तालाब के बीच एक पत्ते में बैठी थंबलीना चाहकर भी वहां से भाग नहीं पा रही थी। आखिर में वो रोने लगी। तभी एक तितली ने थंबलीना को देखा। उसने उसे वहां से उठाया और फूलों के नगर में ले गई। यहां तितली में थंबलीना को अपने साथ रखा और उसके खाने-पीने का इंतजाम करने में जुट गई। तभी एक झींगुर की नजर थंबलीना पर पड़ी। वह भी उसकी खूबसूरती देखकर उसका कायल हो गया।

वह थंबलीना को अपने दिल की बात बताने पहुंचा। यह सुनकर थंबलीना ने उसे समझाया कि हम दोनों एक नहीं हो सकते। हम अलग-अलग जीव हैं। इस पर झींगुर के मित्रों ने भी कहा, 'दोस्त! यह थोड़ी अजीब है। ये लड़की हमारे जैसी नहीं है।' यह बात झींगुर समझ गया और उसने थंबलीना को छोड़ दिया। इसके बाद थंबलीना अपने घर का रास्ता ढूंढने लगी। तभी वह भटक कर एक बिल में जा घुसी। उस बिल की रानी एक चुहिया था, जो बहुत बूढ़ी थी। चुहिया ने थंबलीना को सहारा दिया और बदले में उससे घर के सारे काम कराने लगी। एक दिन उसके घर छछूंदर आया, जिसका नाम मिस्टर मोल था। वो भले ही देख नहीं सकता था, लेकिन वो थंबलीना की आवाज पर फिदा हो गया।

मिस्टर मोल ने बूढ़ी चुहिया से कहा कि वो थंबलीना से शादी करना चाहता है और दोनों की शादी चुहिया ने तय भी कर दी। तभी घर से बाहर मिस्टर मोल को छोड़ने जाते हुए थंबलीना को एक चिड़िया मिली, जो घायल और बेहोश थी। थंबलीना तुरंत उसकी मदद करने लगी। बूढ़ी चुहिया और मिस्टर मोल ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन थंबलीना नहीं मानी। उसने दिन रात एक करके चिड़िया की देखभाल की। कुछ दिनों के बाद चिड़िया पूरी तरह से ठीक हो गई। चिड़िया के ठीक होने से थंबलीना खुश थी, लेकिन शादी के दिन नजदीक आ रहे थे, इसलिए बेचैन हो गई।

थंबलीना ने चिड़िया को सारी बातें बताई। यह सुनकर चिड़िया ने कहा कि जल्दी से मेरी पीठ पर बैठ जाओ। मैं तुम्हें यहां से बहुत दूर ले जाऊंगी। थंबलीना तुरंत उस चिड़िया के पीठ पर बैठ गई। चिड़िया थंबलीना को वहां से बहुत दूर एक फूलों के देश में लेकर पहुंची। यहां फूलों के राजकुमार की नजर थंबलीना पर पड़ी। राजकुमार ने उसे देखते ही पूछा, 'क्या तुम मुझसे शादी करके यहां की रानी बनोगी?' थंबलीना को कुछ समझ नहीं आ रहा था। तभी चिड़िया वहां पहुंची और उसने बताया कि ये फूलों के राजकुमार हैं और अच्छे दिल के इंसान हैं। यह सुनकर थंबलीना ने शादी के लिए हां कर दी। शादी के बाद थंबलीना को फूलों के देश से पंख भी मिल गई और थंबलीना फूलों की राजकुमारी कहलाने लगी।

वीर गाथा

यक सुखदेव सिंह : रॉकेट लॉन्चर से इतने गोले दागे कि उग्रवादी शिविर छोड़कर भागे

नायक सुखदेव सिंह का जन्म 10 मई, 1962 को पंजाब में जालंधर जिले के भटनूरा गांव में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के सरकारी स्कूल से प्राप्त की थी। इसके बाद वे भारतीय सेना में भर्ती हो गए। उन्हें पैराशूट रेजिमेंट में शामिल किया गया था। उन्होंने 9 पैरा (एसएफ) के लिए कठोर प्रशिक्षण लिया था। यह बटालियन मुख्यत: पर्वतीय युद्ध और सैन्य अभियानों के लिए जानी जाती है। मार्च 1989 में सुखदेव अपनी यूनिट के साथ श्रीलंका में तैनात थे। वहां लिट्टे उग्रवादियों ने भारी हिंसा की थी। आम लोगों को लिट्टे की दहशत से बचाने और शांति स्थापित करने के लिए भारतीय सैनिक अडिग चट्टान की तरह खड़े थे।

सुखदेव सिंह की यूनिट को 04 मार्च को एक ऑपरेशन की जिम्मेदारी सौंपी गई। खुफिया सूत्रों से सूचना मिली थी कि लिट्टे के उग्रवादी एक शिविर में लोगों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस सूचना के आधार पर सुखदेव और साथी जवानों ने उग्रवादियों और उनके शिविर को नष्ट करने का संकल्प लिया। नायक सुखदेव सिंह वन ट्रूप अल्फ़ा टीम के रॉकेट लॉन्चर नंबर एक का नेतृत्व कर रहे थे। वे जैसे ही उग्रवादियों के कब्जे वाले इलाके में पहुंचे तो उन पर जबर्दस्त गोलीबारी होने लगी। वहां 150 से ज्यादा उग्रवादी मौजूद थे।

इसके जवाब में भारतीय सैनिकों ने भी जोरदार गोलीबारी की। सुखदेव जानते थे कि इतनी बड़ी तादाद में मौजूद उग्रवादियों के खात्मे के लिए गोलीबारी करना काफी नहीं होगा। उन्होंने रॉकेट लॉन्चर तैनात किया। वे स्वयं गंभीर रूप से घायल हो चुके थे, लेकिन उन्होंने रॉकेट लॉन्चर से फायरिंग शुरू कर दी। जल्द ही वह इलाका धमाकों से दहल उठा। कुछ समय पहले तक जो उग्रवादी इन सैनिकों को घेरने का मंसूबा बना रहे थे, अब वे भागने का मजबूर हो गए थे। इससे भारत के कई सैनिकों की जान बच गई।

सुखदेव लगभग 90 मिनट तक गोले दागते रहे। उन्होंने कई उग्रवादियों के चिथड़े उड़ा दिए। इस दौरान दुश्मन के हमले से उनके सिर में गहरा घाव हो गया, जिससे वे अचेत हो गए। उन्हें चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई, लेकिन उनका जीवन नहीं बचाया जा सका। नायक सुखदेव सिंह 13 मार्च, 1989 को देश के लिए वीरगति को प्राप्त हो गए। उन्हें 'वीर चक्र' से सम्मानित किया गया।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

उद्घाटन

हैदराबाद में शनिवार को पिंकी रेड्डी, शाइना एनसी, रविंदर रेड्डी, अंजू पोद्दार बिजनेसवुमन प्रदर्शन पर भारतीय कला के पैनोरमिक लैंडस्केप का उद्घाटन करते हुए।

'इस्लामोफोबिया' संबंधी प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत, राम मंदिर के जिक्र पर जताई आपत्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने 'इस्लामोफोबिया' को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान की ओर से पेश और चीन द्वारा सह-प्रायोजित मसौदा प्रस्ताव से दूरी बनाते हुए कहा कि केवल एक धर्म के बजाय हिंदू, बौद्ध, सिख और हिंसा व भेदभाव का सामना करने वाले अन्य धर्मों के खिलाफ धार्मिक भय की व्यापकता को भी स्वीकार किया जाना चाहिए। इस दौरान जब पाकिस्तान के दूत ने अयोध्या में स्थित राम मंदिर का जिक्र किया तो भारत ने कड़ी आपत्ति जताई।

शुक्रवार को 193 सदस्यीय महासभा ने पाकिस्तान द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव 'इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय' को मंजूरी दी। 115 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, किसी ने भी विरोध नहीं किया और भारत, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूक्रेन तथा ब्रिटेन समेत 44 देश मतदान से दूर रहे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने यहूदी-विरोध, 'ईसाईफोबिया' और इस्लामोफोबियासे प्रेरित सभी कृत्यों की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह स्वीकार करना जरूरी है कि इस तरह का 'फोबिया' अब्राहिमी धर्मों से परे भी फैला हुआ है।

उन्होंने प्रस्ताव के बारे में भारत के रुख को लेकर स्पष्टीकरण में कहा, स्पष्ट साक्ष्यों से पता चलता है कि दशकों से, गैर-अब्राहिमी धर्मों के अनुयायी भी धार्मिक पूर्वाग्रह से प्रभावित हुए हैं। इससे विशेष रूप से हिंदू विरोधी, बौद्ध विरोधी और सिख विरोधी धार्मिक पूर्वाग्रह के समकालीन रूपों का उदय हुआ है। कंबोज ने कहा, इस्लामोफोबिया का मुद्दा निस्संदेह महत्वपूर्ण है, लेकिन हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि अन्य धर्म भी भेदभाव और हिंसा का सामना कर रहे हैं।

भारत की मित्रता और समर्थन के कारण सफल रही है भूटान की विकास यात्राः प्रधानमंत्री टोबगे

नयी दिल्ली। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने शनिवार को कहा कि उनके देश ने पर्यावरण संरक्षण और संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक विकास को संतुलित करने की अपनी यात्रा में एक लंबा सफर तय किया है और यह यात्रा काफी हद तक सफल रही है। टोबगे ने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव - 2024 में अपने संबोधन में कहा कि भूटान की यह विकास यात्रा भारत सरकार तथा उसके लोगों की दोस्ती, सद्भावना और बिना शर्त समर्थन के कारण सफल रही है। टोबगे ने सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता सूचकांक का भी उल्लेख किया, जो उनके देश ने समृद्धि को मापने के लिए पेश किया था और साथ ही कहा कि राष्ट्रों तथा उसके लोगों को 21वीं सदी में अधिक टिकाऊ भविष्य की कल्पना करनी होगी।

उन्होंने कहा कि भूटान ने अपने आर्थिक विकास को सामाजिक प्रगति, सांस्कृतिक संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सुशासन के साथ संतुलित करने का प्रयास किया है। टोबगे ने कहा, पूर्व में हमारे राजाओं ने विकास का बहुत ही लंबा रास्ता तय किया है, भूटान बहुत आगे बढ़ चुका है, हम बहुत आगे निकल चुके हैं। और यह यात्रा कुल मिलाकर सफल रही है। और, मैं यह कहने का साहस करता हूं कि यह भारत की सरकार और उसके लोगों की मित्रता, सद्भावना और बिना शर्त समर्थन के कारण सफल हुआ है।

बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौड़वाल भाजपा में शामिल हुईं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौड़वाल लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी के नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पौड़वाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें मोदी की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल होकर खुशी हो रही है। इस मौके पर उन्होंने 'सर्व मंगल मांगल्ये' भी गाया और आदि शक्ति को नमन किया।

पौड़वाल ने संवाददाताओं से कहा, मुझे बहुत खुशी है कि मैं उन लोगों और उनकी सरकार में शामिल हो रही हूं जिनका सनातन से बहुत गहरा संबंध है। फिल्म उद्योग में वर्षों तक पार्श्वगायन करने के बाद पिछले 35 वर्षों से मैं केवल भक्ति गीत गा रही हूं।

उन्होंने कहा, कई बार भाव आता था कि मैंने सही काम किया या नहीं। आज मुझे लग रहा है कि मैं सही जगह पर हूं। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आप (लोगों) से जुड़ रही हूं (यानी भाजपा में शामिल हो रही हूं)।

पौड़वाल ने देश को 'सही दिशा में' ले जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। गायिका ने यह भी कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भक्ति गीत गाने का मौका मिला। उन्होंने कहा, वह मेरे जीवन का एक सपना था। जानी-मानी पार्श्व गायिका पौड़वाल भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह तथा मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। उन्हें देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से भी सम्मानित किया जा चुका है।

भाजपा में पौड़वाल का स्वागत करते हुए सिंह ने कहा कि पार्श्व गायिका, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'संस्कृति और आध्यात्मिकता' के क्षेत्र में भाजपा द्वारा किए गए कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि वह भाजपा की नीतियों से भी प्रभावित हैं। सिंह ने संवाददाताओं से कहा, आज भाजपा एवं प्रधानमंत्री मोदी का परिवार और बढ़ गया है। उनके पार्टी में शामिल होने से भाजपा और मजबूत होगी।

अमिताभ बच्चन ने स्वास्थ्य खराब होने संबंधी अटकलों को फर्जी खबर बताया

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेता अमिताभ बच्चन ने स्वास्थ्य खराब होने संबंधी अटकलों को शुक्रवार को फर्जी खबर करार देते हुए इसे खारिज कर दिया। इसके साथ ही उनके अस्पताल में भर्ती होने की अफवाहों पर विराम लग गया है। अभिनेता अमिताभ बच्चन के पैर में खून का थक्का जमने या धमनी अवरुद्ध होने के कारण एंजियोप्लास्टी किए जाने से जुड़ी कुछ खबरें मीडिया में आने के बाद शुक्रवार को उनके शुभचिंतकों और प्रशंसकों ने सोशल मीडिया मंचों पर चिंता व्यक्त की। अस्पताल जाने की खबरें सामने आने के कुछ घंटों बाद शाम को, इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) में माझी मुंबई बनाम टाइगर्स ऑफ कोलकाता के बीच मैच के दौरान अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक की फोटो सामने आई। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में, बच्चन स्टेडियम से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं तभी भीड़ में से कोई उनसे उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछ रहा है। अभिनेता हाथों से इशारा कर रहे हैं कि सब कुछ ठीक है। इसके बाद उस शख्स ने उनसे पूछा, ''आप कैसे हैं? सब ठीक है? इस पर बच्चन ने कहा ''फर्जी खबरें'' आई हैं। दोपहर में खबरें आनी शुरू हुईं जिनमें कहा गया कि वह नियमित जांच के लिए कोकिलाबेन अस्पताल गए थे। अन्य खबरों में कहा गया कि उन्हें एंजियोप्लास्टी (अवरुद्ध धमनियों और रक्त वाहिकाओं को खोलने के लिए एक प्रक्रिया) के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, ताकि उनके पैर में 'ब्लॉकेज' को दूर किया जा सके। कुछ खबरों में यह भी बताया गया कि अवरुद्ध धमनी के लिए उनकी एंजियोप्लास्टी की गई थी।

अभिवादन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को मुंबई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए।

सम्मान

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में कई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान 'अबुआ आवास योजना' और अन्य विभिन्न योजनाओं से लोगों को सम्मानित करते हुए।

साउथ में करीना का डेब्यू, यश के साथ 'टॉक्सिक' में आ सकती हैं नजर

मुंबई/एजेन्सी

करीना कपूर खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'द क्रू' को लेकर जबरदस्त चर्चा में बनी हुई हैं। इन चर्चाओं के साथ ही करीना को लेकर सिने गलियारों में करीना के साउथ डेब्यू को लेकर भी चर्चा हो रही है। प्राप्त समाचारों के अनुसार करीना साउथ सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' डेब्यू करने जा रही हैं। मूल रूप से कन्नड़ भाषा में बनने वाली इस फिल्म को पैन इंडिया के तौर पर प्रदर्शित किसा जाएगा। यह कन्नड के साथ ही तमिल, तेलुगू, मलयालम और हिन्दी में प्रदर्शित होगी। करीना ने जूम कॉल पर अपने फैंस से बातचीत की है। इस दौरान करीना ने फिल्म का बिना नाम लिए कहा कि मैं एक बहुत बड़ी साउथ की फिल्म करने जा रही हूं। अब ये पैन इंडिया फिल्म है तो मुझे नहीं पता कि शूटिंग कहां होगी। मैं अपने सभी फैंस को यह बताने के लिए काफी एक्साइटेड हूं कि यह पहली बार है, जब में ऐसा कुछ करूंगी। हालांकि, अभी तक मेकर्स की ओर से फिल्म में करीना को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही यश ने अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक का ऐलान किया था। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड विनर गीतू मोहनदास डायरेक्ट करेंगे। वहीं करीना की अपकमिंग फिल्म क्रू की बात करें तो ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। 'क्रू' एक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें करीना, तब्बू और कृति अपनी कॉमेडी से लोगों को गुदगुदाती नजर आएंगी।

अपना कुनबा नहीं संभाल पाने वाली कांग्रेस असफलता के लिए भाजपा को दोषी ठहरा रही : अनुराग ठाकुर

हमीरपुर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उनकी सरकार को अस्थिर करने के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को पलटवार किया। ठाकुर ने कहा, कांग्रेस अपने परिवार को नहीं संभाल सकती और अपनी विफलताओं के लिए भाजपा को दोषी ठहरा रही है। हमीरपुर जिले के नादौन कस्वा में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी में अंदरूनी कलह से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य की जनता सुक्खू सरकार के जनविरोधी रुख से तंग आ चुकी है जबकि कांग्रेस विधायक सरकार की कार्य प्रणाली से तंग आ चुके हैं। इससे पहले, ठाकुर ने नशा मुक्ति अभियान के तहत नादौन विधानसभा क्षेत्र में एक बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना महत्वपूर्ण है। ठाकुर ने कहा, भाजपा विकास के मुद्दे पर देश में चुनाव लड़ेगी।

फिल्म 'ससुराल का गुलाम' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत की आने वाली फिल्म 'ससुराल का गुलाम' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म ससुराल का गुलाम में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ यामिनी सिंह मुख्य में हैं। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल हैं।निर्देशक इश्तियाक शेख बंटी हैं। कथा - पटकथा और संवाद अरविंद तिवारी का है। विक्रांत सिंह राजपूत ने फिल्म 'ससुराल का गुलाम' को लेकर कहा कि यह फिल्म भी बेहद ख़ास होने वाली है। यह फिल्म आधी आबादी को खूब पसंद आएगी। मेरा किरदार इस फिल्म में अनोखा है। उम्मीद करता हूं कि यह सबों को पसंद आये।फिल्म के गाने भी बेहद खूबसूरत हैं। फिल्म में यामिनी सिंह के साथ मेरी केमेस्ट्री दर्शकों के दिलों को छूने वाली है।

'ऐ वतन मेरे वतन' का ट्रेक जूलिया जारी

मुंबई/एजेन्सी

सारा अली खान इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर जबरदस्त चर्चाओं में हैं। कल शुक्रवार को उनकी एक फिल्म मर्डर मुबारक ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित हुई है। होमी अदजानिया के निर्देशन में यह हास्य से सराबोर मर्डर मिस्ट्री है जिसे अपने अलहदा अंदाज में पंकज त्रिपाठी सुलझाते नजर आते हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी के बाद सारा का अभिनय तारीफ के काबिल है। इस फिल्म के बाद सारा की चर्चा उनकी आगामी सप्ताह प्रदर्शित होने वाली ऐ वतन मेरे वतन को लेकर हो रही है।

इस फिल्म में सारा ने स्वतंत्रता सेनानी ऊषा की भूमिका निभाई है। एक्ट्रेस सारा अली खान की फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज है। यह ट्रेलर रिलीज के बाद से ही चर्चाओं में है। कन्नन अय्यर के निर्देशन में बनी यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें आजादी के संघर्ष को दिखाया गया है। मेकर्स ने आज शनिवार (16 मार्च) को फिल्म का गाना 'जूलिया' रिलीज कर दिया। गाना जोश से भरा हुआ है। इसे सिंगर दिव्य कुमार और शशि सुमन ने आवाज दी है। संगीत भी शशि सुमन ने ही तैयार किया है। इसके बोल प्रशांत इंगोले ने लिखे हैं। गाने में पुराने जमाने के आकर्षण को दिखाया गया है। करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म में सारा के साथ इमरान हाशमी, सचिन खेडेकर, अभय वर्मा, स्पर्श श्रीवास्तव, एलेक्स ओ' नील और आनंद तिवारी के भी अहम रोल हैं।

सारा ने 22 साल की युवती 'उषा' का रोल निभाया है जो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिशराज के खिलाफ देश को एक साथ लाने के लिए अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाती हैं। इमरान को राम मनोहर लोहिया का किरदार निभाते देखा जाएगा। फिल्म की कहानी अय्यर और दारब फारूकी ने लिखी है, जो 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर प्रीमियर की जाएगी।

कार्तिकेय मालवीय ने 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' में शनि देव की भूमिका पर की बात

मुंबई/एजेन्सी

शो 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' में शनि देव की भूमिका निभा रहे एक्टर कार्तिकेय मालवीय ने बताया कि यह शो उनके दिल में एक अलग स्थान रखता है। एक कलाकार होने के नाते इस शो ने उनके करियर में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्तिकेय इससे पहले 'कर्मफल दाता शनि' में शनि की भूमिका निभा चुके हैं। इस शो पर बात करते हुए कार्तिकेय ने कहा, यह किरदार मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है क्योंकि इसने एक कलाकार के रूप में मेरे करियर में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मैं कहानी कहने की इस यात्रा को शुरू करने के लिए अपने आप को सौभाग्यशाली मनाता हूं।'' आगामी एपिसोड में दर्शक शिव और शनि के बीच लौकिक पेचीदगियों और नश्वर नियति के बीच दिव्य नाटक की खोज का अनुमान लगा सकते हैं। भगवान शिव की वंशावली को कमजोर करने की अपनी इच्छा से प्रेरित होकर दिति ने शनि से हस्तक्षेप की मांग की थी। दिति की चालाकी से प्रेरित होकर शनि ने भगवान शिव को अपनी विनाशकारी शक्ति से पीड़ित करने का विचार किया।

हालांकि, शुक्राचार्य के ज्ञान से निर्देशित होकर शनि ने अपना ध्यान भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय पर केंद्रित कर दिया, जिससे घटनाओं की एक श्रृंखला शुरू हो गई जो नियति को बदल देती है। 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' कलर्स पर प्रसारित होता है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

भगवान महावीर ने पुस्तक की सुरक्षा के लिए कवर की, शरीर की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य की नितान्त आवश्यकता बताई, वैसे ही जीवन की सुरक्षा व इहलोक एवं परलोक की सुरक्षा के लिए धर्म की आवश्यकता है। धर्म के क्षेत्र में छलावा या प्रदर्शन न हो। छल कपट, प्रपंच न हो। आत्मशुद्धि का साधन ही धर्म है।

कुशल बोहरा का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। महिला दिवस के अवसर पर वूमेन डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ तमिलनाडु द्वारा चेतपेट स्थित मलयाली क्लब में शनिवार को आयोजित एक समारोह में डॉ. किशोर बोहरा आई चेरिटेबल ट्रस्ट आवडी की प्रबंध न्यासी के. कुशल बोहरा का सम्मान किया गया। समारोह में एसोशिएशन की अध्यक्ष डॉ रंजना कुमारी ने स्वागत भाषण में बताया कि एसोसिएशन समय समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर, कोचिंग क्लास और महिला डाक्टरों के सहयोग व महिला सशक्तिकरण के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है। एसोसिएशन में 2500 सदस्य हैं। हम बहुत वर्षों से सराहनीय व नेक कार्यों के लिए प्रतिबद्ध दो महिलाओं, जिनमें एक डॉक्टर और एक समाजसेवी महिला का सम्मान हर साल करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा हमारे समाज में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महिलाएं त्याग की प्रतिमूर्ति होती है, इसलिए उनको समान रूप से सम्मान मिलना चाहिए।

कुशल बोरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को स्वयं को स्वतंत्र रूप से सशक्त बनना चाहिए। हमेशा खुद पर विश्वास रखना चाहिए। आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा जीवन में कुछ गलत होने का डर हमें एक कदम आगे बढ़ाने की बजाय पीछे ले जाता है। इस डर के कारण माता-पिता भी हमें सीमित कर देते हैं। लेकिन हमें हिम्मत से काम लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि पति की असामयिक निधन से वे टूट चुकी थी। जीवन में कई चुनौतियों का सामना हुआ। मेरे द्वारा लिए गए साहसिक निर्णयों की वजह से आज मैं आपके सामने हूं। इस अवसर पर एसोसिएशन की सचिव डॉ ए. सुधा, सहसचिव डॉ नंदिता ठक्कर, कोषाध्यक्ष डॉ एम. माहेश्वरी सहित कई सदस्याएं मौजूद थी। डॉ एम. माहेश्वरी ने सबका आभार प्रकट किया।

जीण माता का वार्षिकोत्सव 28 अप्रैल को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्री जीण माता सेवा समिति के तत्वावधान में लालबाग रोड स्थित गोडवाड़ जैन भवन में आगामी 28 अप्रैल को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कोलकाता के कारीगरों द्वारा विशाल दरबार सजाया जाएगा तथा कोलकाता के अरविंद सहल व निकिता शर्मा द्वारा संगीतमय मंगल पाठ व भजनों की प्रस्तुति दी जाएंगी। इस भक्तिमय कार्यक्रम के लिए समिति के सदस्य तैयारियों में जुट हुए हैं।

कैंसर जागरूकता अभियान में कैंसर पीड़ितों ने साझा किए अनुभव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा शुक्रवार को चंचलबाई मांडोत के निवास पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत किया तथा अभियान की विस्तृत जानकारी दी। मंजू बांठिया एवं चंपाबाई जैन ने विषय पर अपने अनुभव बताए। मंजू ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि जिस प्रकार कैंसर की बीमारी के आने पर हमें डरना नहीं है अपितु डटकर उसका मुकाबला करना है।

चंपा बाई ने बताया कि उन्हें लगभग 16 वर्ष पहले कैंसर जैसी भीषण बीमारी हुई थी किंतु परिवार का सहयोग एवं मेरी दृढ़ इच्छा शक्ति से वे आज सामान्य रूप से जीवन जी रही है।

संगोष्ठी में मंडल की परामर्शिका, उपाध्यक्ष सुमित्रा बरडिया, मंत्री दीपिका गोखरू, सहमंत्री ललिता डागा, संगठन मंत्री अनिता जीरावला सहित कुल 50 सदस्याएं उपस्थित थीं।

सीमा बनी आनंद बहू मंडल की अध्यक्ष, संगीता बनी मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के श्रीरामपुरम स्थित आनंद बहू मंडल की साधारण सभा सम्पन्न हुई जिसमें नई कार्यकारिणी समिति का चुनाव हुआ।

मंगलाचरण से शुरु हुई बैठक में अध्यक्षा सरिता दलाल ने सभी का स्वागत किया एवं अपने कार्यकाल में सहयोग देने वाले के प्रति धन्यवाद दिया। पूर्व मंत्री सीमा खिंवेसरा ने मंत्री प्रतिवेदन पेश करते हुए वर्ष भर में हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी पेश की। बैठक में सभा में आगामी कार्यकाल 2023-25 के लिए सर्वसम्मति से सीमा खिंवेसरा को अध्यक्ष, संगीता गुगलिया को मंत्री एवं फूलवंती पटवा को कोषाध्यक्ष चुना गया। पूर्व कोषाध्यक्ष मीना गुगालिया ने दिया।

तेयुप राजाजीनगर की चौथी कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ भवन राजाजीनगर में तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर के अध्यक्ष कमलेशजी गन्ना की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की चतुर्थ बैठक सम्पन्न हुई। तेयुप परामर्शक चंद्रेश मांडोत ने श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया। ललित मुणोत ने तृतीय कार्यकारिणी बैठक कार्यसूची का वाचन किया। कमलेश गन्ना ने सभी का स्वागत करते हुए कहा अभातेयुप द्वारा निर्देशित सभी आयामों को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए परिषद के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंत्री कमलेश चौरडिया ने गत महीनों में किए गए कार्यों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की एवंम आगामी महीनों मे करणीय कार्य जैसे युवा वाहिनी के अंतर्गत गुरुदेव के रास्ते की विहार सेवा, सीपीएस कार्यशाला, संगठन यात्रा एवं महावीर जयंती पर स्वास्थ्य शिविर आदि के बारे में जानकारी दी। सीपीएस कार्यशाला के संयोजक के रूप में संजय मांडोत, जीतू मेहता एवं दीपक गिलुण्डिया की नियुक्ति की गई।

उपाध्यक्ष राजेश देरासरिया ने डायग्नोस्टिक सेन्टर में होने वाले कार्य एवं शिविर की जानकारी दी। तेयुप से प्रबुद्ध विचारक सतीश पोरवाड़, तेयुप परामर्शक चंद्रेश मांडोत एवं निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद गन्ना ने अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन कमलेश चौरडिया ने किया। आभार जयंतीलाल गांधी ने किया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

चुनाव की घोषणा के बाद भाजपा नेताओं ने जताया जीत की 'हैट्रिक' का भरोसा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का स्वागत किया और भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में 'प्रचंड बहुमत' के साथ वापसी करेंगे।

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि उनकी पार्टी 'प्रचंड बहुमत' के साथ केंद्र में अपनी सरकार बनाएगी और अगले पांच वर्षों में लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम करेगी। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लोगों से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग द्वारा आम चुनाव की घोषणा और आचार संहिता के लागू होने के साथ ही देश में चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। लोकसभा का आम चुनाव, भारत का ही नहीं पूरे विश्व का सबसे विराट और भव्य लोकतांत्रिक उत्सव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पूरे जोश और उत्साह के साथ इस उत्सव में भाग लेने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा, इस बार के चुनावों में भाजपा का लक्ष्य 370 सीट पर जीत हासिल करने का है और राजग को 400 के पार ले जाने के संकल्प ने पूरे भारत के कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा से भर दिया है। हमारे लिए यह चुनाव केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण के संकल्प की दिशा में काम करने के समर्पण और सामर्थ्य की अभिव्यक्ति का प्रतीक है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले एक दशक में सुशासन, सुरक्षा, सभी वर्गों के कल्याण व सांस्कृतिक विरासतों के पुनर्निर्माण का ऐतिहासिक दशक देखा है। उन्होंने कहा, भारत की विकास यात्रा की इस गति को ऐसे ही बनाए रखने के लिए अपना मत ऐसे नेतृत्व को दें, जिसके पास काम करने का ट्रैक रिकॉर्ड भी हो और भारत को विकसित बनाने का विजन भी हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस बार राजग '400 पार' के नारे के साथ चुनाव में जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता इस बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा कर विकसित और सुरक्षित भारत के निर्माण के लिए मतदान करेगी। उन्होंने कहा, मैं देश के युवाओं, महिलाओं व सभी मतदाताओं से इस चुनावी महायज्ञ में राष्ट्रप्रथम को सबसे ऊपर रखने वाली भाजपा नेतृत्व की राजग सरकार को चुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बनने की अपील करता हूं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक व्यवस्था से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त कर सभी वर्गों के विकास को चरितार्थ करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि कभी विश्व की सबसे खस्ताहाल अर्थव्यवस्था में शुमार भारत आज विश्व की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बना है। साथ ही पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत 'पॉलिसी पैरालिसिस' से 'पॉलिसी ड्रिवेन स्टेट' बनकर उभरा है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि लोकतंत्र के इस महायज्ञ में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवा साथी एक विकसित, आत्मनिर्भर व हर क्षेत्र में नंबर एक भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने के लिए मोदी जी के नेतृत्व में फिर से राजग सरकार को चुनकर इस यात्रा के सहभागी बनेंगे।

सनीराज बने राज्य सहसंयोजक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी विविध भाषिक प्रकोष्ठ में सनीराज राज्य सह-संयोजक बने। हाल ही में हुए एक घोषणा के दौरान राज्य अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने सनीराज को भाजपा विविध भाषिक प्रकोष्ठ में राज्य सह-संयोजक के रूप में नियुक्त किया है। राज्य महासचिव (संगठन) राजेश, दत्तात्रेय एसजी और इंद्रकुमार नाहर की अनुसंशा पर यह नियुक्ति की गई।

थरूर ने बतौर सांसद अपने 15 वर्षों के कार्यों का दिया ब्योरा

तिरुवनंतपुरम/भाषा। तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के उम्मीदवार शशि थरूर ने शनिवार को 68 पन्नों की एक पुस्तिका जारी की, जिसमें बतौर सांसद पिछले 15 वर्षों में निर्वाचन क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों का विवरण दिया गया है।

थरूर ने यहां आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी वह चुनाव लड़ते हैं तब उन्हें निराधार आरोप का सामना करना पड़ता है और इस बार आरोप है कि उन्होंने पिछले 15 वर्षों में निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा, वे कह रहे हैं कि मैंने पिछले 15 सालों में कुछ नहीं किया है। इसलिए मैं 68 पन्नों की प्रगति रिपोर्ट जारी कर रहा हूं।

थरूर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नारे 'मोदीयूड गारंटी' (मोदी की गारंटी)का भी मखौल उड़ाया। उन्होंने कहा, भाजपा की एकमात्र गारंटी यह है कि वो अपने वादे पूरे नहीं करेगी। जुमला ही उनकी गारंटी है।

प्रसिद्ध मलयालम फिल्म निर्देशक अडूर गोपालकृष्णन को प्रगति रिपोर्ट संबंधी पुस्तिका की पहली प्रति दी गई।

थरूर ने कहा कि उन्होंने पहले एक नेता को पुस्तिका सौंपने के बारे में सोचा और फिर एक व्यापक रूप से सम्मानित हस्ती को आमंत्रित करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, मेरे काम सिर्फ कांग्रेस पार्टी के लिए नहीं बल्कि इस राज्य की जनता के लिए हैं। इसलिए मैंने सोचा कि बेहतर होगा कि मैं यह प्रगति रिपोर्ट किसी ऐसी हस्ती को दूं जो व्यापक रूप से स्वीकृत और सम्मानित हो। मैं इस निमंत्रण को स्वीकार करने के लिए अडूर गोपालकृष्णन का आभारी हूं।

सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

बेंगलूरु के मुडूपाल्या स्थित अंगला परमेश्वरी देवस्थान द्वारा आयोजित करगा महोत्सव में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने देवीमां की विशेष पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं जरूरतमंद बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरित की। आयोजकों ने मुणोत का सम्मान किया।

संगठन यात्रा में नए सदस्यों को जोड़ने पर दिया जोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में यशवंतपुर तेरापंथ महिला मंडल ने 'डोर-टू-डोर कनेक्ट' संगठन यात्रा का आयोजन किया गया। सपना गन्ना व शीला बाबेल ने सभी का स्वागत किया। अध्यक्ष मीना दक ने विभिन्न कार्यों की जानकारी दी तथा अन्य महिलाओं को मंडल का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। मत्तीकेरे व संजयनगर में आयोजित पहली संगठन यात्रा में 30 सदस्याएं जुड़ी। मंत्री लाड़ली मुथा ने नई सदस्याओं को आगे के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उपाध्यक्ष रेखा पितलिया और मीना भटेवरा ने ललिता बोथरा का सम्मान किया।

कोषाध्यक्ष नीतू बाबेल ने मंडल से जुडने के लिए प्रेरित किया।

सहमंत्री प्रीति गादिया और वनिता बोलिया ने मंडल की तथा कन्यामंडल प्रभारी प्रिया डुंगरवाल ने कन्या मंडल की गतिविधियों की जानकारी दी। निशा बोहरा ने नई सदस्याओं का परिचय दिया। इस मौके पर अनेक सदस्याओं ने अपने विचार व्यक्त किए। उषा नाहर ने आभार व्यक्त किया तथा ललिता बोथरा ने संचालन किया।

विपक्ष दिशाहीन और मुद्दाविहीन, इसलिए है वापसी का पूरा भरोसा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए विपक्ष को 'दिशाहीन' और 'मुद्दाविहीन बताया और सत्ता में बने रहने का भरोसा व्यक्त किया।

लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार के पिछले 10 साल उस 'गहरी खाई' को भरने में बीते हैं जो पूर्ववर्ती सरकारों ने बनाई थी। उन्होंने कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रयास और बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। भाजपा और राजग चुनावों में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 140 करोड़ परिवारजनों और 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले जब उन्होंने देश की बागडोर संभाली थी तब देश और देशवासी 'इंडी' गठबंधन के कुशासन से पीड़ित थे। उन्होंने कहा, ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं बचा था जो घोटालों और नीतिगत जड़ता से अछूता रहा हो। देश निराशा के गर्त में था और दुनिया भी भारत पर भरोसा करना छोड़ चुकी थी। हमने उस परिस्थिति से देश को निकाला और आज भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों

की शक्ति और सामर्थ्य से देश आज हर दिन विकास के नए कीर्तिमान रच रहा है और आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। उन्होंने कहा, करोड़ों भारतीय गरीबी से बाहर आए हैं। हमारी सरकार की योजनाएं देश के कोने-कोने और समाज के हर तबके तक पहुंची हैं। हमने शत-प्रतिशत देशवासियों तक पहुँचने के लिए काम किया है और परिणाम हमारे सामने हैं।

मोदी ने कहा कि आज हर भारतीय ये अनुभव कर रहा है कि एक ईमानदार, दृढ़-संकल्पित और मजबूत इच्छाशक्ति वाली सरकार कितना कुछ कर सकती है। उन्होंने कहा, इसीलिए, हर देशवासी की हमारी सरकार से अपेक्षाएं भी बढ़ी हुई हैं। इसीलिए, आज भारत के हर कोने से और समाज के हर वर्ग से एक स्वर सुनाई दे रहा है- अबकी बार, 400 पार!''

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, आज विपक्ष के पास ना कोई मुद्दा है, ना कोई दिशा। उनका एक ही एजेंडा बचा है- हमें गाली देना और वोट बैंक की राजनीति करना। उनकी परिवारवादी मानसिकता और समाज को बांटने के षड्यंत्र अब जनता खारिज कर रही है। भ्रष्टाचार के अपने ट्रैक-रेकॉर्ड के कारण वो लोगों से आंखे नहीं मिला पा रहे हैं। जनता ऐसे लोगों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में देश के लिए बहुत सारे काम करने हैं। उन्होंने कहा, हमारे बीते 10 साल उस गहरी खाई को भरने में भी बीते हैं, जो दशकों तक शासन करने वालों ने बनाई थी। इन 10 वर्ष में देशवासियों में ये आत्मविश्वास आया है कि हमारा भारत भी समृद्ध और आत्मनिर्भर बन सकता है। हमारा अगला कार्यकाल इन संकल्पों की सिद्धि की राह प्रशस्त करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी और सामाजिक न्याय के लिए प्रयास और बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, हम तेजी से भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए हमारे प्रयास और मजबूती से आगे बढ़ेंगे।

मोदी ने कहा कि वह साफ तौर पर देख रहे हैं कि आने वाले पांच वर्ष उस सामूहिक संकल्प का कालखंड होगा जिसमें भारत की अगले एक हजार वर्ष की विकास यात्रा का रोडमैप होगा।

छतों पर सौर पैनल लगाने की योजना के तहत एक करोड़ से अधिक परिवारों ने किया पंजीकरण : मोदी

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि एक करोड़ से अधिक परिवार छत पर सौर पैनल लगाने के लिए 'पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' के तहत पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं और उन्होंने इसे ''असाधारण समाचार'' करार दिया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, देश के सभी हिस्सों से पंजीकरण कराए जा रहे हैं। असम, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश से पांच लाख से अधिक पंजीकरण हुए हैं। प्रधानमंत्री ने अभी तक पंजीकरण न कराने वाले लोगों से जल्द से जल्द ऐसा करने के लिए कहा।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.